श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 153, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 2 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कांग्रेस की गारंटी का मतलब नीयत में खोटः मोदी

## रानी दुर्गावती की प्रेरणा से सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरूआत

**शहडोल। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने जय जोहार कहकर अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज मुझे रानी दुर्गावती की इस धरती पर आप सभी के बीच आने का मौका मिला। मैं रानी दुर्गावती के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि समर्पित करता हूं। उनकी प्रेरणा से सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरूआत हो रही है। आज ही मध्यप्रदेश में एक करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश बहुत बड़ा संकल्प ले रहा है। ये संकल्प है सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का। सिकल सेल एनीमिया की बीमारी बहुत कष्टकारी होती है। लंबे समय तक दर्द सहने से शरीर के अंदरूनी अंग भी क्षतिग्रस्त होने लगते हैं। ये बीमारी परिवारों को भी बिखेर देती है। ये बीमारी आनुवांशिक है। इसके पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 लॉन्च किया। मिशन को लेकर गाइडलाइन का भी विमोचन किया। उन्होंने एक क्लिक कर साढ़े 3 करोड़ हितग्राहियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड का वितरित किया। साथ ही एमपी में एक करोड़ पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण का शुभारंभ भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अदिति यादव नाम की छोटी सी बच्ची समेत अन्य हितग्राहियों को आयुष्मान योजना के कार्ड वितरित किए। प्रधानमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि रानी






दुर्गावती की 500वीं जन्म शताब्दी को पूरे देश में भारत सरकार मनाएगी। उनके जीवन पर फिल्म बनाई जाएगी, एक चांदी का सिक्का निकाला जाएगा। उन्होंने विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि झूठी गारंटी देने वालों से सावधान रहे। कांग्रेस की गारंटी मतलब नीयत में खोट, गरीबों को चोट। आदिवासियों के प्रति बेरुखी के चलते पहले की सरकारों के लिए यह सिकल सेल एनीमिया बीमारी मुद्दा नहीं थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 70 सालों में इसकी चिंता नहीं हुई। इससे निपटने के लिए कोई ठोस प्लान नहीं बनाया गया। इससे प्रभावित ज्यादातर लोग आदिवासी समाज के थे। आदिवासी समाज के प्रति बेरूखी के चलते पहले की सरकारों के लिए ये कोई मुद्दा ही नहीं था। लेकिन आदिवासी समाज की इस सबसे बड़ी चुनौती से निपटने का बीड़ा हमारी सरकार ने उठाया है। हमारे लिए आदिवासी समाज सिर्फ एक सरकारी आंकड़ा नहीं है। ये संवेदनशीलता के साथ ही भावनात्मक मुद्दा है। मोदी ने कहा कि पिछले 70 सालों में सिकल सेल एनीमिया बीमारी की चिंता नहीं हुई। इससे निपटने के लिए कोई ठोस प्लान नहीं बनाया गया। इससे प्रभावित ज्यादातर लोग आदिवासी समाज के थे। आदिवासी समाज के प्रति बेरूखी के चलते पहले की सरकारों के लिए ये कोई मुद्दा ही नहीं था। लेकिन आदिवासी समाज की इस सबसे बड़ी चुनौती से निपटने का बीड़ा हमारी सरकार ने उठाया है। हमारे लिए आदिवासी समाज सिर्फ एक सरकारी आंकड़ा नहीं है। यह संवेदनशीलता के साथ ही भावनात्मक मुद्दा है। हमारी सरकार ऐसी गंभीर बीमारियों को खत्म करने के लिए दिन रात मेहनत कर रही है। इन्हीं प्रयासों से टीबी के मामले में कमी आई है। 2025 तक टीबी को जड़ से खत्म करने पर काम हो रहा है।

हमारी सरकार की कोशिश है कि लोगों को बीमारी कम हो और बीमारी पर होने वाला खर्च भी कम हो। इसलिए आयुष्यमान योजना लेकर आए हैं। ये कार्ड 5 लाख रुपए तक के एटीएम के रूप में काम करेगा। ये मोदी की गारंटी है। इस योजना के तहत अब तक 5 करोड़ लोगों का इलाज हो चुका है।

'कांग्रेस की गारंटी का मतलब नीयत में खोट और गरीबों को चोट'

कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि झूठी गारंटी देने वालों से सावधान हो जाए। जब वे मुफ्त बिजली की गारंटी देते है, मतलब बिजली के दाम बढ़ाने वाले है। जब वे सस्ते पेट्रोल की गारंटी देते है, मतलब टैक्स बढ़ाकर आपकी जेब से पैसा निकालने वाले है। कांग्रेस की गारंटी का मतलब नीयत में खोट और गरीबों को चोट। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। वो गरीबों 70 साल में इलाज की गारंटी नहीं दे सके। हमने आयुष्यमान योजना शुरू की। हमने 10 करोड़ महिलाओं को धुएं से मुक्ति दी है। मुद्रा योजना से हमने स्वरोजगार की गारंटी दी है। आज जो एक साथ आने का दावा कर रहे हैं। वे हमेशा एक दूसरे को पानी पी पीकर कोसते रहे है। ये परिवारवादी पार्टियों सिर्फ अपने परिवार का ही भला करती रही है। जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप है, वे जमानत पर बाहर है। जो घोटालों में सजा काट रहे हैं, वो एक साथ मंच पर नजर आ रहे हैं। उनके पास आतंकवाद मुक्त भारत की गारंटी नहीं है।

## पिछले 70 सालों में सिकल सेल एनीमिया बीमारी की चिंता नहीं हुईः पीएम

**प्रधानमंत्री** मोदी ने जय जोहार कहकर अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज देश बहुत बड़ा संकल्प ले रहा है। ये संकल्प है सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का। सिकल सेल एनीमिया की बीमारी बहुत कष्टकारी होती है। लंबे समय तक दर्द सहने से शरीर के अंदरूनी अंग भी क्षतिग्रस्त होने लगते हैं। ये बीमारी परिवारों को भी बिखेर देती है। ये बीमारी आनुवांशिक है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 70 सालों में सिकल सेल एनीमिया बीमारी की चिंता नहीं हुई। इससे निपटने के लिए कोई ठोस प्लान नहीं बनाया गया। इससे प्रभावित ज्यादातर लोग आदिवासी समाज के थे। आदिवासी समाज के प्रति बेरुखी के चलते पहले की सरकारों के लिए ये कोई मुद्दा ही नहीं था, लेकिन आदिवासी समाज की इस सबसे बड़ी चुनौती से निपटने का बीड़ा हमारी सरकार ने उठाया है। हमारे लिए आदिवासी समाज सिर्फ एक सरकारी आंकड़ा नहीं है। ये संवेदनशीलता के साथ ही भावनात्मक मुद्दा भी है।

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की शुरूआत



पीएम मोदी ने इससे पहले रिमोट का बटन दबाकर राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 लॉन्च किया। साढ़े 3 करोड़ हितग्राहियों को एक क्लिक पर डिजिटल आयुष्मान कार्ड के वितरण के साथ ही एमपी में एक करोड़ पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण का शुभारंभ भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अदिति यादव नाम की छोटी सी बच्ची समेत अन्य हितग्राहियों को आयुष्मान योजना के कार्ड वितरित किए। इससे पहले प्रधानमंत्री के मंच पर आते ही मोदी-मोदी के नारे लगे। पीएम मोदी ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम मोदी का स्वागत किया।‹

## 'आप' को मौका दो, 'मामा' को भूल जाओगे : केजरीवाल

**ग्वालियर। दिल्ली** के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत की। मेला ग्राउंड पर आयोजित जनसभा में उन्होंने केंद्र की मोदी और राज्य की शिवराज सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आआपा को एक मौका दीजिए। केजरीवाल शनिवार को दोपहर 3.15 बजे ग्वालियर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले यहां पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल समेत अन्य नेताओं से चर्चा की। इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश व्यापमं घोटाले के नाम से देश में प्रसिद्ध है। लोगों का कसूर नहीं है। इन पार्टियों और नेताओं ने एमपी को बदनाम कर दिया। प्रदेश के लोग मेहनती, ईमानदार और देशभक्त हैं। एक समय दिल्ली का भी यही हाल था। जब से दिल्ली में आआपा की सरकार बनी है, तब से देश में दिल्ली की चर्चा उसके कामों की वजह से होती है। अब दिल्ली बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए जाना जाता है। मध्य प्रदेश में बिजली बहुत महंगी है।

**उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं, तलाशें राजस्व के नए स्रोत, राजस्व के रूप मिली धनराशि जनता की**

## अवैध खनन और ओवरलोडिंग रोका जाए : योगी

**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अवैध खनन और ओवरलोडिंग रोकने के सख्त निर्देश दिए हैं। शनिवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, परिवहन, भू-राजस्व और ऊर्जा में राजस्व संग्रह के लक्ष्य और उसके सापेक्ष प्राप्तियों का विवरण प्राप्त किया साथ ही विभागीय अधिकारियों निर्देश दिए।



पहली तिमाही में यूपी ने किया 46 हजार करोड़ से अधिक राजस्व संग्रहः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियोजित प्रयासों से प्रदेश के कर-करेत्तर राजस्व संग्रह में सतत वृद्धि हो रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में विविध माध्यमों से अब तक 46 हजार करोड़ से अधिक की राजस्व प्राप्ति हुई है। इसमें जीएसटी, वैट से 26 हजार करोड़, एक्साइज टैक्स के रूप में 10 हजार करोड़, स्टाम्प एवं पंजीयन से 06 हजार करोड़ और परिवहन से 24 सौ करोड़ से अधिक का संग्रह हुआ है। यह स्थिति संतोषजनक कही जा सकती है। यह जनता से एकत्रित राशि है जो प्रदेश के विकास में, लोककल्याणकारी कार्यों में व्यय होगा।

डेढ़ लाख करोड़ का हो लक्ष्यः उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए हमें नए स्रोत भी बनाने चाहिए।

चालू वित्तीय वर्ष के लिए 1.50 लाख करोड़ के जीएसटी और वैट संग्रह लक्ष्य के अनुरूप ठोस कोशिश की जाए। राजस्व की चोरी राष्ट्रीय क्षति है।

## 25 सालों में भारत दुनिया में सनातन की रोशनी फैलाएगाः गवर्नर रवि

**चेन्नईः तमिलनाडु के** राज्यपाल आरएन रवि ने शनिवार को कहा कि अगले 25 सालों में भारत पूरी दुनिया में सनातन धर्म की रोशनी फैलाने में सक्षम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि आप कमजोर हैं तो आप दुश्मनों से घिरे हुए हैं, यदि आप मजबूत हैं तो आपके पास दोस्त हैं। यही भारत की डेस्टिनी (भाग्य) है। उन्होंने शुक्राचार्य के लिखे ग्रंथ शुक्रनीति का एक संस्कृत श्लोक भी बोला। चेन्नई में एक सार्वजनिक सभा में रवि ने कहा कि पीएम ऐसे व्यक्ति हैं जो समझते हैं कि भारत क्या है और उसके लोगों की शक्ति क्या है? उन्होंने एक रास्ता तय किया है जिसे वे अमृत काल कहते हैं। पीएम ने अपनी उपस्थिति के माध्यम से एक दैवीय आदेश निर्धारित किया है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि जो लोग सनातन धर्म का पालन नहीं करते उन्हें आज भी खुशी से स्वीकार किया जाता है।

दो दिन पहले सीएम की सलाह के बिना मंत्री को बर्खास्त किया थाः गवर्नर रवि गुरुवार को उस समय चर्चा में आए थे जब उन्होंने कैश फॉर जॉब स्कैम के आरोप में जेल में बंद मंत्री सेंथिल बालाजी को बर्खास्त कर दिया था।

## छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण रोकना होगाः राजनाथ सिंह

### बस्तर वीरों की माटी है, आदिवासी भाइयों के लिए अटल जी ने अलग राज्य बनाया

**कांकेरः केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह छत्तीसगढ़ के कांकेर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में लगातार धर्मांतरण हो रहा है। बस्तर की माटी वीरों की माटी है। रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदली है। छत्तीसगढ़ बनाने की सबसे बड़ी वजह थी कि, आदिवासी भाइयों को विकास की यात्रा में आगे बढ़ाना। राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ सरकार पर कई तरह के घोटालों का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में अब कमजोर भारत नहीं, ताकतवार भारत है। एक देश के प्रधानमंत्री हमारे



प्रधानमंत्री के पैर छूते हैं। ये पूरे भारत का सम्मान है। रमन सिंह ने नया बस्तर बनाया, नवा रायपुर बनाया। पूरा छत्तीसगढ़ नया बनाया। छत्तीसगढ़ को सजाने का काम किया। लेकिन आपने नई सरकार का स्वाद चखने के लिए सरकार बदली थी। मगर कांग्रेस सरकार का स्वाद कैसा है, ये आप लोगों को खुद ही पता चल गया है। कांग्रेस के कुछ वादों में चक्कर में नई सरकार बनाई यहां की जनता ने, लेकिन वर्तमान सरकार का अनुभव आपको स्वयं है, मुझे कहने की जरूरत नहीं, छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा था लेकिन भूपेश बघेल ने यहां की स्थिति बदतर कर दी। आज क्या हालात है आप सब जानते हैं।

छत्तीसगढ़ में धमार्तंरण का काम तेजी से हो रहा है। इसे रोकने के लिए यहां की सरकार कुछ नहीं कर रही है।

यह रुकना चाहिए, केंद सरकार से मदद लगेगी तो हम मदद करेंगे। यहां की सरकार ने कई घोटाले किएं हैं। कोयला, गौठान घोटाला हुआ है। शराबबंदी का वादा करके होम डिलीवरी शुरू कर दी गई थी।

## भारत में रोबोट से हमले की फिराक में थे आतंकी

**शिवमोगाः राष्ट्रीय जां**च एजेंसी (एनआईआ) ने कर्नाटक के शिवमोगा जिले के इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) साजिश मामले में 9 लोगों के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट के मुताबिक आरोपी भविष्य में आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए रोबोटिक्स कोर्स करने वाले थे।

आरोपियों ने आईएसआईएस की साजिश के तहत लोगों को डराने और कई स्थानों पर रेकी करने के लिए शिवमोगा में एक आईडी ब्लास्ट किया था। वे आतंकी और हिंसक घटनाओं को बढ़ाकर



भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ना चाहते थे।

सभी आरोपी कर्नाटक के रहने वालेः एजेंसी ने दाखिल अपनी चार्जशीट में मोहम्मद शारिक (25), माज मुनीर अहमद (23), सैयद यासीन (22), रीशान ताजुद्दीन शेख (22), हुजैर फरहान बेग (22), माजिन अब्दुल रहमान (22), नदीम, अहमद के ए (22), जबीउल्ला (32) और नदीम फैजल एन (27) को आरोपी बनाया है। ये सभी कर्नाटक के रहने वाले हैं। सभी आरोपियों पर यूएपीए लगाया गया है।

## उप्र : डीबीटी के माध्यम से होगा गौ आश्रय स्थलों का भरण पोषण

**लखनऊ। योगी** आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश में क्रियाशील और निणाणार्धीन गौ आश्रय स्थलों के भरण पोषण के लिए गो आश्रय पोर्टल के माध्यम से डीबीटी के जरिए भुगतान करेगी। जुलाई का भुगतान डीबीटी के ही माध्यम से किया जाएगा। 10 जुलाई से डीबीटी प्रक्रिया से धनराशि हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मुख्य सचिव दुगाशंकर मिश्र के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किए गए प्रस्तुतिकरण में यह जानकारी दी गई है। करीब 06 हजार आश्रय स्थलों का डाटा अपलोडः जानकारी के अनुसार, गो-आश्रय पोर्टल पर 5919 आश्रय।

**18 हिरासत में, नियमावली में बदलाव का विरोध, डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग; पथराव के बाद पुलिस का लाठीचार्ज**

## पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**पटनाः बिहार में** 1.70 लाख शिक्षकों की होने वाली भर्ती में दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों को मौका देने के बाद से शनिवार को पटना में बवाल मचा। बिहार के शिक्षक अभ्यर्थी लगातार नियमावली में संशोधन का विरोध कर रहे हैं। पटना में शिक्षक बहाली में डोमिसाइल नीति लागू कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी सड़क पर उतर गए। शनिवार की सुबह 2000 से अधिक की संख्या में अभ्यर्थी सबसे पहले गांधी मैदान में इकट्ठा हुए। फिर हाथों में तिरंगा लिए पैदल मार्च किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें जेपी गोलंबर के बाद रोक दिया। पुलिस के समझाने के बाद भी शिक्षक अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया।



आक्रोशित शिक्षक अभ्यर्थियों ने पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें खदेड़ा। डाक बंगला चौराहे से पुलिस ने उन्हें पटना जंक्शन तक खदेड़ा है। पुलिस ने 18 शिक्षक अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया है, इनमें 2 महिलाएं हैं। सभी को कोतवाली थाना ले जाया गया है। दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन खत्म हो गया। सभी वापस लौट गए। पुलिस ने पहले से बैरिकेडिंग कर रखी थी। ताकि अभ्यर्थियों को इससे आगे बढ़ने नहीं दिया जाए। फिर हल्का बल प्रयोग कर सभी को पीछे खदेड़ दिया। फिर सेंट जेवियर स्कूल, गांधी मैदान के पास लाठी चार्ज किया गया। अभ्यर्थी सरकार के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। साथ ही शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि डोमिसाइल नीति को फिर से लागू किया जाए।

साढ़े 12 बजे के करीब कुछ शिक्षक अभ्यर्थी जुटे थे। रोड जाम करने की कोशिश पर पुलिस ने फिर से लाठीचार्ज किया।

## महाराष्ट्रः बस हादसा, 25 की जलकर मौत

**बुलढाणा : महाराष्ट्र के** बुलढाणा में शुक्रवार देर रात एक बस हादसा हो गया। नागपुर से पुणे जा रही बस खंभे से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई, जिससे उसमें आग लग गई। बस में 33 लोग सवार थे, जिसमें 25 की जलने से मौके पर मौत हो गई। इनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। 8 लोगों ने बस की खिड़की का शीशा तोड़कर जान बचाई। हादसा रात करीब 1.30 बजे बुलढाणा जिले के सिंदखेड़ाराजा के पास पिंपलखुटा गांव के पास समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर हुआ। बुलढाणा एसपी सुनील कड़ासेन ने



बताया, हादसे में बस का ड्राइवर बच गया है। उसने बताया कि टायर फटने के बाद हादसा हुआ और बस में आग लग गई। बाद में बस के डीजल टैंक ने आग पकड़ ली, जिससे आग फैल गई। बस में करीब 33 यात्री सफर कर रहे थे। ज्यादातर की मौत जलने से हुई। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने बताया कि।

## खबर संक्षेप

### पानी निकासी को लेकर जमकर बवाल, एसडीएम को दिया शिकायत पत्र

**सोरांव।** इलाके के छिकत का पूरा गदियानी गांव में सरकारी तालाब को ग्रामीणों द्वारा कब्जा कर लेने से अब बरसात का पानी तालाब में न जाकर ग्रामीणों के घरों में जा रहा है। जिसको लेकर गांव में तनाव व्याप्त है। जानकारी के अनुसार सोरांव तहसील क्षेत्र के छिकत का पूरा गांव में ग्राम प्रधान राज कपूर ने दबंगई के बल पर व विपक्षियों की मिलीभगत से गांव में एक नाली का निर्माण कराया गया है। नाली मे जब पानी का बहाव होता है तो पानी तालाब में न जाकर गांव के ही विनोद कुमार, महेंद्र कुमार, वीरेंद, धर्मेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार आदि लोगों के घरों में पानी जा रहा है। रात में अचानक बरसात होने से घर में रखी खाद्य सामग्री भी पूरी तरह से बेकार हो गई है। जब इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से पीड़ितों से किया। तो आरोप है कि विपक्षियों के दबाव में ग्राम प्रधान ने पीड़ितों कि नहीं सुने बल्कि उल्टा पीड़ितों को दी खरी खोटी सुनाने लगे। जिसको लेकर गांव में तनाव व्याप्त है। विपक्षी ज्ञानचंद, महादेव, गिरधारी लाल, बनवारी लाल, अजय कुमार, हरीश चंद्र, श्यामलाल, दीपक आदि लोगों ने पीड़ितों को मारने पीटने की धमकी दे रहे हैं, पीड़ित दहशत में हैं। इस प्रकरण में पीड़ितों ने उप जिलाधिकारी सोरांव को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया और पीड़ित पक्ष की मांग है कि बरसात का पानी हम लोगों के घर में न जाकर गांव में स्थित सरकारी तालाब में जाएं।

# टोंस नदी में तीन किशोर डूबे, एक की मौत घर में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के करछना थाना अंतर्गत अरई गांव के समीप टोंस नदी में शनिवार को दोपहर में नहाने गए तीन युवक डुबने लगे। दो को तो बचा लिया गया। लेकिन एक किशोर की डूबकर मौत हो गई। पता चल नहीं पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने की कोशिश की तो परिजनों से बहस हो गई। कुछ देर बाद स्थित सामान्य हुई। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजा। किशोर की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। यमुनानगर के करछना थानांतर्गत निरिया गांव निवासी अंकित कुमार विश्वकर्मा (16) पुत्र संजय विश्वकर्मा 11वी का छात्र था। शनिवार को पूर्वान्ह में अंकित अपने दोस्तो मंजीत यादव, रिषभ विश्वकर्मा आदि के साथ अरई गांव के समीप स्थित टीन नदी के घाट पर स्नान करने गया था। सभी लड़के नदी में नहा रहे थे। नहाते समय सभी लड़के पानी में खेलने लगे। खेलने के दौरान गहरे पानी में जाने से अंकित डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके दोस्तो ने उसे बचाने का प्रयास किए लेकिन गहराई की वजह से बचा नही पाए। अंकित को डूबा देख उसके दोस्त चीखने चिल्लाने लगे घाट मौजूद लोगों ने भी कोशिश की लेकिन उसे बचा नहीं पाए घरवालों को सूचना दी गई पता चलने पर परिवार के लोग रोते बिलखते हुए घाट पर पहुंचे। पुलिस बुलाई गई। गोताखोर नहीं मिल रहे थे तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अंकित के शव को बाहर निकाला। करछना थाना प्रभारी नारेन्द्र प्रसाद पुलिस टीम के साथ पहुंचे। परिजन शव को घर लेकर चले गए। वहा पर परिवार के लोग अधिकारियों से मुआवजे की मांग करने लगे। जिसके बाद मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने लोगो को समझा बुझाकर शांत कराया। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर करछना नारेंद्र प्रसाद ने बताया कि परिजनों को आपदा राहत कोष से मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

### शुआट्स में नये कुल सचिव, प्रति कुलपति चीफ प्राक्टर, व डीन की हुई नियुक्ति

**नैनी।** नैनी सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) प्रयागराज में सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से नये कुलसचिव, प्रति कुलपति (प्रशासन) चीफ प्राक्टर एवं डीन की नियुक्ति की गयी। मीडिया प्रभारी डा. रमाकान्त दूबे ने बताया कि इथिलिण्ड कॉलेज आफ होम साइंस की डीन प्रो0 (डा.) रानू प्रसाद को शुआट्स का नया कुलसचिव नियुक्त किया गया गया। कॉलेज आफ फारेस्ट्री के डीन प्रो. (डा.) एन्थोनी जोसफ राज को प्रति कुलपति (प्रशासन) बनाया गया। कंप्यूटर साइंस विभाग के डा. राघव यादव को चीफ प्राक्टर बनाया गया। प्रो (डा.) अंशू को इथिलिण्ड कॉलेज आफ होम साइंस का डीन एवं ह्यूमन डेवलपमेन्ट एण्ड फेमिली स्टडीज विभाग का विभागाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, डा. रीतु प्रकाश दूबे को एसोसिएट डीन तथा फूड, न्यूट्रीशन व पब्लिक हेल्थ विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डा. दूबे ने बताया कि सभी अधिकारियों ने 1 जुलाई, 2023 से कार्यभार ग्रहण किया।

## न्यूज झरोखा

### सरस्वती पूजन के साथ नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में नये सत्र का शुभारंभ



**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में 1 जुलाई को प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण से नये सत्र का शुभारंभ किया गया।उपस्थित वरिष्ठ शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी सरस्वती प्रतिमा पूजन, माल्यार्पण, वंदना में भाग लिया।इसी के साथ बीए, बीएससी, एमए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। प्राचार्य ने बताया कि नये सत्र का शुभारंभ हो चुका है महाविद्यालय में शत प्रतिशत कक्षाएं संचालित की जाती हैं शत प्रतिशत नकल विहीन परीक्षा का आयोजन होता है और लगभग शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम भी आता है। बीए, बीएससी, एमए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने हेतु छात्र छात्राएं महाविद्यालय कार्यालय से कालेज विवरणिका प्रवेश फार्म लेकर महाविद्यालय प्रवेश समिति के समक्ष अंक पत्रों की मूल एवं छायाप्रति, आधार कार्ड तथा फोटो के साथ उपस्थित होकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करवा लें ताकि समय से छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी बच्चों को शत प्रतिशत प्राप्त हो सके। इस अवसर पर डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ रवि मिश्र, डॉ आनंद श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, डॉ विनोद पांडेय, डॉ प्रमोद पांडेय, अश्वनी मिश्रा, रंजन शर्मा, करुणेश त्रिपाठी, रमाकांत दुबे, हर्षवर्धन सिंह, वीरेंद्र यादव, अनुज त्रिपाठी, कृष्णाराज शुक्ला, मनोज पांडेय, विनय दुबे, राकेश तिवारी, रमेश तिवारी, माता सेवक, धर्मराज, कृष्ण कुमार, राजकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### भानीपुर त्रिमुहानी पर लगा हाई मास्क लाइट तीन महीने से खराब



**जंघई।** भानीपुर ग्राम सभा के त्रिमुहानी पर लगा हाई मास्क लाइट पिछले तीन महीने से खराब पड़ी है।जिम्मेदारों को इसकी सूचना देने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही।यहीं बगल में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानीपुर है अंधेरा होने की वजह से मरीजों और उनके तीमारदारों को आने जाने में होती है परेशानी। क्षेत्रवासियों ने मौके पर प्रदर्शन करते हुए विरोध दर्ज कराया तथा क्षेत्र के बसंत लाल यादव ने बताया की इससे पूरे गांव को रोशनी मिलती है आने जाने वाले राहगीरों को भी आसानी होती है लेकिन जिम्मेदारों के कानों तले जूं नहीं रेंग रहा। मौके पर रविंद्र यादव, संतोष शुक्ला, राजू गौतम राजन प्रजापति, राहुल पांडेय संदीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



### जल निगम की पाइप लीकेज की मुख्य अभियंता से की गई शिकायत

**हनुमानगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर नल व शुद्ध जल की योजना को प्रयागराज जिले के जल निगम के अधिकारी पलीता लगाने में लगे हैं। कोटवा गांव में जल निगम की मेन पाइप में लीकेज की कई बार शिकायत के बाद भी उसे दुरुस्त नहीं किया गया तो लोगों ने मामले की शिकायत जल निगम के मुख्य अभियंता से की। बहादुरपुर विकासखंड के कोटवा में पांच दशक पहले बनी जल निगम की टंकी से कभी दर्जनों गांव में जलापूर्ति हुआ करती थी लेकिन अब इस टंकी से 2 गांव की भी सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पा रही है। कोटवा गांव से जमुनीपुर जाने वाली मेन पाइप में झूठी ताली पर बड़ा लीकेज है वही जमुनीपुर में एंद्री धाम के पीछे भी लीकेज की वजह से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पीने का पानी बर्बाद हो रहा है। गांव के हरिकेश यादव ने बताया कि झूठी ताली पर करीब 6 महीने से लीकेज है। मामले की शिकायत कई बार जल निगम के एक्सियन से की गई पर लीकेज को ठीक नहीं किया गया तो शनिवार को गांव के ही आदर्श सिंह ने मामले की शिकायत जल निगम के मुख्य अभियंता से की।

### पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार, सोने के आभूषण बरामद, औद्योगिक थाना व एसओजी की संयुक्त टीम ने लुटेरों को पकड़ा



**नैनी।** नैनी थाना औद्योगिक क्षेत्र एवं एसओजी यमुनापार की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूट की गई सोने की चेन व लूट में प्रयुक्त बाइक को भी बरामद किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र एसओ संजीव चौबे ने बताया कि 23 जून को आईटीआई गेट के पास थाना क्षेत्र में रहने वाली रामशिला के गले से लुटेरों ने सोने की चेन छींन ली थी। जिसके बाद से ही लुटेरों की धरपकड़ के लिए टीम लगा दी गई थी। शनिवार को थाने एवं एसओजी यमुनापार की संयुक्त टीम ने सरस्वती हाइटेक सिटी निकट पानी की टंकी वाले तिराहा के पास से मो. इसहाक उर्फ शमसेरा निवासी घूरपुर व विकास सिंह निवासी जारी बाजार थाना कौंधियारा को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। उनके पास से लूटी गई चेन 7.05 ग्राम व 7.04 ग्राम पीली धातु गली हुई एवं लूट में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की गई है। एसओ ने बताया कि पकड़े गए लुटेरे शमसेरा पर पांच व विकास पर यूपी व मध्य प्रदेश के कुल 20 मुकदमे दर्ज हैं।

### नहर विभाग द्वारा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर किसानों को पानी उपयोगिता के बारे मे बताया

अखंड भारत संदेश





**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के अमान गंज स्थित डाक बंगले में नेशनल हाइड्रोललौजी प्रोजेक्ट के तहत लखनऊ से आयी टीम ने नहर के पानी के उपयोगिता के बारे में प्रशिक्षण दिया। मऊआइमा के सकरामऊ के अमानगंज स्थित डाक बंगले में लखनऊ से आयी नहर विभाग की टीम ने नहर के पानी के उपयोगिता एंव मापने का प्रशिक्षण काश्तकारों को दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में नहर के पानी को कैसे प्रयोग किया जाए। इस बारे में नई तकनीकी (एडीईपी) मशीन द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण के बाद मडियाहूं शाखा के मशीन द्वारा मापने का तरीका बताया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में लखनऊ के अम्बिका यादव अभिशाषी अभियंता ,दिनेश कुमार पांडेय सहायक अभियंता ,साक्षी साहू ,धीरज अरोडा ,तथा प्रयागराज के दरवेश कुमार अधिशासी अभियंता, बसंत लाल सहायक अभियंता ,अरूणवीर वर्मा सहायक अभियंता, सुरेश गौतम सहायक अभियंता आदि मौजूद रहे।

### सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के लिए हुआ हवन यज्ञ



**सहसों।** क्षेत्र के रामनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में शनिवार को शिव कुमार पांडे के सानिध्य में सर्वजन कल्याण हेतु देवादिदेव महादेव के समक्ष हवन कुंड में सामूहिक रूप से भक्तों ने आचार्य विद्वान के द्वारा वैदिक मंत्रों से आहुतियां डालकर हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी शिव कुमार पांडे ने बताया कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने एवं आदर्श के साथ अच्छाइयों तथा सद्गुणों को जीवन में, समाज में ढालने के लिए प्रत्येक माह की त्रयोदशी तिथि पर हम सब मिलकर इस प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में उपस्थित होकर हवन यज्ञ विधि विधान से करते हैं। जिससे समाज में व्याप्त कुरीतियां दूर होकर एक शिष्ट, आदर्शवादी सभ्य समाज की स्थापना हो सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संघचालक इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, संघ के प्रमुख स्वयंसेवक डॉक्टर प्रमोद कुमार गुप्ता, मनोज तिवारी, राम चंद्र पांडे, श्रीकांत त्रिपाठी, शुभम पांडे, अजय तिवारी सहित आदि महिला पुरुष भक्तों ने मौजूद होकर हवन यज्ञ में शामिल रहे।

# गरीबों को पट्टे की जमीन पर दिलाया जाए कब्जा दखल: रामकृपाल कोल

अखंड भारत संदेश

कांग्रेस कार्यकताओं ने एक दिवसीय प्रदर्शन कर बुलंद की आवाज



**कोरांव।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को तहसील मुख्यालय पर एक दिवसीय प्रदर्शन कर गरीबों के हक अधिकार को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में शामिल रहे पूर्व विधायक रामकृपाल कोल ने कहा कि 40 वर्ष से गरीबों को पट्टे आवंटित किए गए हैं। लेकिन उन जमीनों पर गरीब पट्टेदारों को अभी तक कब्जा दखल नहीं मिला है। कई पट्टेदारों की जमीनों पर भवन भी बन गए हैं। लेकिन वहां योगी सरकार का बुलडोजर नहीं चल रहा है। उन्होंने गरीबों को आवंटित किए गए पट्टे की जमीनों पर शीघ्र कब्जा दखल दिलाए जाने की मांग की है। प्रदर्शन में शामिल रहे कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश शुक्ला ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ सरकार बेटी बचाओ का नारा दे रही है। दूसरी तरफ बेटियों पर अत्याचार बलात्कार जुल्म ढाए जा रहे हैं लेकिन इस गूंगी बहरी सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने तहसील प्रशासन को चेताया है कि अगर शीघ्र पट्टेदारों को कब्जा दखल नहीं दिलाया गया तो प्रत्येक गांव से लोग झंडा लेकर निकलेंगे। तहसील परिसर में बैठे उदासीन अधिकारियों को घेरने का काम करेंगे। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी व गरीब पट्टेदार मौजूद रहे।

### बाइक चोरी की सूचना देने के बाद भी नही आई पुलिस

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र जीटी रोड से लगी अनवर मार्केट से शनिवार को एक व्यापारी की बाइक चोरी हो गई। बाइक लेकर भागता चोर सीसी टीवी में नजर आया है। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई तो दरोगा ने कहा सुबह आएंगे। मीरापुर निवासी सतीस चंद्र बाजपेई की झूंसी के अनवर मार्केट में दुकान है। वह प्रति दिन बाइक से दुकान आते थे। शनिवार शाम मार्केट से उनकी बाइक चोरी हो गई। चोर बाइक लेकर जाते सीसी टीवी में नजर भी आया है। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत झूंसी पुलिस की तो दरोगा ने कहा सुबह आएंगे। एसीपी झूंसी आईपीएस चिराग जैन ने कहा कि मामले की जानकारी कराई जाएगी।

### सडक पार करते समय बाइक सवार ने वृद्धा को मारो टक्कर दोनों घायल

जोगापुर मंडी के पास हाईवे पार करते समय हुआ हादसा



**मऊआइमा।** मऊआइमा के जोगा पुर सडक पार करते समय बाइक सवार ने वृद्धा को टक्कर मार दी जिससे दोनों की बुरी तरह जख्मी हो गए । दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास निवासनीय अनारा देवी 50 वर्ष पत्नी सुजीत कुमार शनिवार को शाम के समय जोगापुर मंडी के पास हाईवे पार कर रही थी। बताते हैं तभी प्रयागराज की ओर से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये । राहगीरों की मदद से थाने लाया गया। पुलिस ने उपचार के लिए दोनों को मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करा दिया है। बताया गया है कि बाइक सवार ने अपना नाम अमित कुमार 25 वर्ष पुत्र दयाशंकर देल्हूपुर जिला प्रतापगढ़ बताया है।

### जयपुर की कंपनी में 100 अभ्यर्थियो का चयन



**नैनी।** नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी में शनिवार को युवाओं को रोजगार का अवसर मिला। संस्थान में प्लेसमेंट के जरिए दर्जनों अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्रांगण में केंपस सिलेक्शन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उप प्रधानाचार्य आरिफ कुरैशी ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्लेसमेंट प्रभारी आजय कुमार ने बताया कि जयपुर, राजस्थान से आई निजी क्षेत्र की कंपनी जेसीबी इंडिया लिमिटेड में 230 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमे से कुल 100 अभ्यर्थियों का लिखित एवं साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया। के लिए कैम्पस किया गया। इस मौके पर सहायक प्लेसमेंट प्रभारी शहजाद अहमद खान, सहायक सुरक्षा प्रभारी विनोद कुमार कुशवाहा, अनुदेशक भूपेंद्र कुमार यादव, अमित वर्मा, अश्वनी कुमार, अमित कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### आजिविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को किया गया प्रशिक्षित



**करछना।** विकासखंड करछना परिसर में बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय डेयरी फार्मिंग कथा वर्मी कंपोस्ट से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ,जिसमें की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया उक्त कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास अधिकारी करछना धीरेश गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया, आरसेटी के निदेशक आशुतोष कुमार द्वारा उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाएं जाने की शुभकामना सहित सभी लाभार्थियों को मुद्रा लोन तथा लघु उद्योग लोन के बारे में विस्तार से सूचना दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक मिशन प्रबंधक आदित्य तिवारी ने किया तथा सभी प्रतिभागियों को तन्मयता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर एक सफल उद्यमी बनने पर जोर दिया , तथा बताया की प्रशिक्षण के मूल उद्देश्य जिससे की सुक्ष्म स्तर पर रोजगार कर आत्मनिर्भर होने के तरफ अग्रसर होना है तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण से लघु उद्योग करने में कौशल प्राप्त करना है एवम् आजीविका मिशन का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सक्षम और स्वावलंबी बनाना ,साकार किया जा सके । कार्यक्रम में बीएमएम संजय चौधरी, जलज शर्मा, धर्मेंद्र यादव ने सभी वित्तीय विषयों पर प्रतिभागियों को अवगत कराया । बतौर ट्रेनर अंतिम शुक्ला , अमित द्विवेदी मौजूद रहे , प्रशिक्षण उपरान्त प्रतिभागी शुशीला देवी, कुसुम देवी , शकुंतला, बबीता देवी आदि ने ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्राप्त कर आरसेटी संस्था का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कंप्यूटर सहायक गुलाम गौस , बृजेश यादव , महेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे।

# लोक कल्याण दिवस के रूप में अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन



अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन लोक कल्याण दिवस के रूप में सपा कार्यकर्ताओं ने बड़े धूमधाम के साथ केक काटकर मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजा विधानसभा के सपा विधायक संदीप पटेल के नेतृत्व में विधानसभा करछना क्षेत्र के राम लखन पब्लिक स्कूल मुगारी के प्रांगण में बड़ी संख्या में उपस्थित सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के बीच केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया इस मौके पर विधायक संदीप पटेल ने सपा कार्यकाल में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा कि आगामी लोकसभा चुनाव में तैयारी कर अभी से कार्यकर्ता जुट जाएं जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में सपा की बंपर जीत से केंद्र की सरकार बदलने में कारगर साबित हो इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक सूर्य प्रकाश उर्फ बाबा यादव पूर्व प्रमुख चाका राजकुमार यादव , पूर्व प्रमुख करछना विजय राज सिंह, पार्षद ,प्रेम शंकर यादव ,इंजीनियर जगदीश सिंह यादव, नीरज यादव ,अनिल यादव, मंगला , सत्यभामा मिश्रा, मंजू शर्मा, मीरा ,निशा ,शीला, पूनम सिंह यादव ,गीता सिंह पासी ,नरेंद्र ,डॉ विजय बाबू यादव जिला पंचायत सदस्य, अंकिश यादव, पिंटू सिंह यादव प्रधान गधियाव, भुगाई यादव ,रोशन पाल , कार्यक्रम का संचालक रणजीत सोनकर ने किया इस मौके पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सपाइयों ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 50 वा जन्मदिन



**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव के 50 वें जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल के नेतृत्व में समाजवादी कार्यकर्ताओं द्वारा अस्पतालों मे फल वितरण जगह जगह गोष्ठी का आयोजन और युवा कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर विधानसभा कोरांव अंतर्गत विभिन्न गांवों में आयोजन किया गया। इस मौके पर सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष कोरांव एवं जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज ने सपा सुप्रीमो को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शोषित वंचित किसानों छात्रों एवं बेरोजगारों के अधिकारों की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में ऐसे ऐसे ऐतिहासिक फैसले लिए जिससे प्रदेश की जनता आज भी उनको याद कर रही है जिस प्रकार से निशुल्क एंबुलेंस सेवा डायल 100 और उसके साथ अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को सफल रूप से संचालित किया ऐसा आज तक किसी भी सरकार ने सूबे में नही किया। इसी क्रम में नगर पंचायत कोरांव में मेहताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रत्याशी पूजा चतुर्वेदी पत्नी राजू चौबे के द्वारा कस्बे में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर केक काटते हुए एक आवश्यक बैठक को आहूत किया जिस पर उनके जीवन संघर्ष पर चर्चा किया गया और आगामी 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को विजय बनाने की रणनीति पर विचार किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेश पांडे अश्वनी पटेल दिनेश पटेल यादवेंद्र अहीर मंगल देव कोल हरिप्रसाद पाल दीपक पटेल राजेश यादव गुलफाम खान पवन सोनकर रविंद्र जैसल शिवादानी पाल मंगला कोल आदि लोग उपस्थित रहे।

# बीएड परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शास्त्री पुल पर शनिवार को सुबह वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दो छात्रों की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है टक्कर लगने के बाद दोनों लड़के सड़क पर गिर गए जिसके बाद वाहन दोनों को कुचलते हुए निकल गया। एक युवक बीएड का एग्जाम देने के लिए साथी के साथ हंडिया जा रहा था। उसके पास मिले आईडी कार्ड के आधार पर पुलिस ने पहचान कराई और घरवालों को सूचना दी दारागंज कोतवाली अंतर्गत बकशी कला मोहल्ला निवासी उत्कर्ष यादव (24) पुत्र राजेंद्र कुमार यादव गंगानगर के हंडिया कालेज से बीएड कर रहा था। शनिवार को उसका बीएड का पेपर था। वह बीएड की परीक्षा देने के लिए अपने मित्र विकास मिश्र (23) पुत्र वीरेंद्र मिश्र निवासी बक्शी कला दारागंज के साथ स्कूटी से हंडिया जा रहा था। स्कूटी विकास मिश्रा की थी गंगा नदी पर बने शास्त्री पुल पर तेज रफ्तार वाहन ने उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिर गए जिसके बाद वाहन दोनों को कुचलते हुए निकल गया प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मौके से वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। उधर से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए। उत्कर्ष दो भाइयों में बड़ा था। विकास मिश्र पटना एनआईटी से बीटेक कर रहा था। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि शास्त्री पुल पर सड़क की मरम्मत कार्य शुरू होने की वजह से आवागमन वनवे किया गया है। जिसकी वजह से भीषण जाम लगता है और इस तरह के हादसे होते हैं।

**शास्त्री पुल पर वाहन ने बाइक में मारी टक्कर बीएड का एग्जाम देने जा रहे थे छात्र**



## जीआर पी दारोगा की रोड एक्सीडेंट में मौत

### वाहन ने मारी थी बाइक में टक्कर, साथी संग हुए थे घायल



**प्रयागराज।** कोतवाली इलाके में सीएवी इंटर कॉलेज के पास वाहन की चर्पेट में आने से घायल हुए जीआरपी ज्ञानपुर भदोही के दारोगा की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। यूपी के जालौन जनपद अंतर्गत कालकी थाना क्षेत्र के बरखेड़ा गांव निवासी पंकज कुमार (42) पुत्र रामसेवक तीन भाइयों में बड़े थे। उनकी पत्नी सुनीता देवी और एक बेटी और एक बेटा है। वह यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिन्ग भदोही जनपद के ज्ञानपुर जीआरपी में थी। घरवालों ने बताया कि 27 जून को वह मोटरसाइकिल से कानपुर से प्रयागराज आए थे। यहा पर उनका कुछ काम था। शाम को कोतवाली प्रयागराज के सीएवी इंटर कॉलेज के पास वाहन की चरपट में आने से वह और उनके साथ बाइक पर बैठा एक युवक घायल हो गया। दोनों को पुलिस ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां से परिजन प्राइवेट हॉस्पिटल में लेकर चले गए। प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज समुचित न होने पर दोबारा स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में लाया गया। जहां इलाज के दौरान आज पंकज कुमार की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने लाश का पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। एसीपी नगर कोतवाली सत्यम तिवारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार घायल हुए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हुई है।

## नैनी जेल के पास रॉन्ग-साइड से जा रही कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, चार घायल शिक्षक गंभीर



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र में जेल गेट के समीप स्थित पावर हाउस के समीप एक कार और बाइक में टक्कर हो गई। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार पलट गई। जिससे कार सवार तीन लोग घायल हो गए बाइक सवार की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजवाया। जहां उसकी हालत गंभीर बताते हुए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया करछना थाना क्षेत्र में पचदेवरा गांव निवासी रमाकांत पांडेय (42) पुत्र इंद्रदेव पांडेय शहर के कैंट इलाके में स्थित मिलिट्री स्कूल में संविदा के रूप में शिक्षक है वह बाइक से शनिवार को दोपहर में स्कूल से अपने घर करछना की ओर जा रहे थे नैनी कोतवाली अंतर्गत नैनी सेंट्रल जेल के समीप स्थित पावर हाउस के सामने प्रयागराज-मिज्जापुर हाईवे पर गलत दिशा से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार बाइक सरवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रेत होकर पलट गई। इस हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां से घायल शिक्षक रमाकांत पांडेय की हालत गंभीर बताते हुए डॉक्टरों ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय रेफर कर दिया इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि शिक्षक की हालत बेहद गंभीर है कुछ कहा नहीं जा सकता है उनके घरवालों को सूचना दे दी गई है कार सवार तीनों लोग खतरे से बाहर बताए जा रहे है।





## कोतवाली क्षेत्र में पुरानी दीवार गिरी, युवक की मौत

### गांधी रत्न केंद्र की इमारत में हादसा, 20 साल सेरह रहा था कौशांबी निवासी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कोतवाली क्षेत्र में एक पुराने मकान की दीवार गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पता चलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। कौशांबी के पिपरी थाना अंतर्गत चौथा गांव निवासी अनिल शर्मा (45) पुत्र लोकनाथ शर्मा दो भाइयों में बड़ा था। वह तकरीबन 20 साल से प्रयागराज के कोतवाली थाना अंतर्गत चौक मोहल्ले में गांधी रतलन केंद्र पर काम करता था। उसकी पत्नी शिवारानी देवी है। उसके एक बेटा और दो बेटी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि गांधी रत्न केंद्र दुकान नीचे है और ऊपर उनका परिवार रहता है। अनिल शर्मा भी वहीं पिछले 20 साल से रह रहा थ शनिवार को अचानक अनिल शर्मा जिस कमरे में रहता था। उसके बगल वाली दीवार गिर गई। उसी के मलबे के नीचे अनिल शर्मा दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि मकान काफी पुराना है। उसी की एक दीवार गिरने से मलबे में दबकर एक व्यक्ति की मौत हुई है। उसके घरवालों को सूचना दे दी गई है।

## कारोबारी एवं सरकारी गवाह पर हमला एवं लूट में पांच आरोपी भेजे गए जेल

### नामजद आरोपीयों की गिरफ्तारी एवं नगदी व मोबाइल की नहीं हुई बरामदगी

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** मंगलवार रात 10 बजे कौंधियारा बाजार स्थित अपनी दुकान से अपनी बोलेरो से भभोखर घर जा रहे अतुल टेलीकॉम एंड गारमेंट्स के मालिक नीरज शुक्ल को रास्ते में बदमाशों ने घेरकर गोली मारने का प्रयास किया था। नीरज बोलेरो छोड़कर भागकर अपनी जान बचाई। बदमाश बोलेरो सहित बोलेरो में रखा दो लाख नगदी एवं 40 नये मोबाइल सेट लूट ले गए। बोलोरो की टक्कर से एक बदमाश भी घायल हुआ है।जिसे पुलिस स्वरूपरानी में भर्ती करा कर पुलिस इलाज करा रही थी। शनिवार को कौधियारा पुलिस उमेश पाल हत्याकांड में पहली गोली चलाने वाले पुलिस एनकाउंटर में मारे गए विजय चौधरी उर्फ उस्मान के भाई स्वरूप रानी अस्पताल में इलाज करा रहे राकेश चौधरी भभोखर सहित मोहम्मद नायाब पुत्र नफीस अहमद ,महताब आलम पुत्र मोहम्मद जलील, मोहम्मद सैफ पुत्र मुमताज आलम, पुतनहिया थाना घूरपुर एवं विजय कांत द्विवेदी पुत्र गौरीशंकर द्विवेदी बड्हिहा थाना खीरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। लूटे गए दो लाख नगदी एवं 40 मोबाइल की बरामदगी एवं नामजद आरोपीयों को पुलिस अभी नहीं गिरफ्तार कर सकी है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो अपाचे गाड़ी एक तमंचा व तीन कारतूस भी बरामद हुआ। अतीक अहमद गैग के शूटर भभोखर निवासी विजय चौधरी उर्फ उस्मान का कौधियारा पुलिस एवं एसटीएफ ने कुछ दिनों पूर्व एनकाउंटर किया था। विजय का बड़ा भाई राकेश चौधरी उस समय नैनी जेल में बंद था। एक माह पूर्व छुट करके आया है। गांव का नीरज शुक्ल उक्त मामले में पुलिस का गवाह है। इस बात से खुन्नस खाए राकेश चौधरी एवं गांव के ही मुन्नालाल, शिवप्रसाद, विपिन, राकेश भारतीय, अपने अन्य साथियों के साथ तीन मोटर साइकिल से कौंधियारा तालाब के पास नीरज शुक्ला को घेरकर फायर करते हुए बोलोरो रोकने का प्रयास किया। बोलेरो की टक्कर से सामने खड़ा राकेश चौधरी घायल हो गया एवं उसकी अपाचे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। नीरज शुक्ला बोलेरो से भागकर अपनी जान बचाई नीरज के भागने के बाद बदमाश बोलोरो लेकर भाग गए। सूचना पर पहुंची कौंधियारा पुलिस ने राकेश चौधरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा मैं इलाज करा रहे राकेश चौधरी को पुलिस अभिरक्षा में स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया। गौहनिया ओवर ब्रिज के नीचे से बोलेरो, घटनास्थल से तमंचा व कारतूस बरामद कर चार बदमाशों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

## न्यूज झरोखा

### संस्थानों ने मिलकर किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**प्रयागराज।** यूफोरियल यूथ सोसाइटी एवं रोटरी इलाहाबाद ईस्ट क्लब के तत्वाधान में ए.एम.ए ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें थैलेसीमिया रोगियों के लिए 70+ स्वैच्छिक रक्तदान की सुविधा प्रदान की थी। सोसायटी के अध्यक्ष देवेश जायसवाल ने बताया संस्था ने 170 थैलिसिमियां और कैंसर, अप्लास्टिक एनेमिया जैसे मरीजों को गोद लिया है जिन्हें हर महीने ब्लड की आवश्यकता होती है संस्था उन्हें ब्लड मुहैया करवाती है! कार्यक्रम का उद्देश्य था लोगो को रक्त से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, और रक्त का अभाव, और लोगों के बीच रक्त से जुड़ी अफवाहों के वजह से लोगों का ब्लड ना देना एवं कई सारी समस्याओं के विषय को अवगत कराया। रोटरी सेक्रेटरी अनुलिका पहारिया और छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अमित गुप्ता,अनुलिका पहारिया, ट्रेजरार अजय दत्ता, अनूप श्रीवास्तव, सुनील द्विवेदी, तारिक खान, वैभव गोयल, दीपक पाण्डेय, वैभव पहारिया,देवेश जयसवाल,अनीश पाण्डेय,मोहम्मद सुभान,अब्बास रिजवी,चिराग यादव,सुधांशु शेखर आदि लोग मौजूद रहे,ये खबर सोसाइटी के मीडिया इंचार्ज गुफरान खान ने दिया है।

### अखिलेश यादव का जन्मदिन केक काट कर दी बधाई



**झूंसी।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन शनिवार को सपाइयों ने उल्लास के साथ मनाया। सपा नेता हीरामणि यादव उर्फ धोनी के नेतृत्व में पटेल नगर खेल मैदान में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र व खिलाड़ियों ने अखिलेश यादव के जन्मदिन पर उनके चित्र के सामने केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर हीरामणि यादव ने कहां की हम सब को एकजुट होकर मेहनत करनी है ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में सपा के खाते में अधिक से अधिक सीट आए। अनिल, छोटेलाल, जयचंद, राजन, विकास यदुवंशी, राहुल, युवराज, गुलाब, धर्मेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत होने पर राजस्व कर्मचारियों की भावभीनी विदाई



**मेजा।** मेजा तहसील में रजिस्ट्रार कानूनगो के पद पर कार्यरत गणेश शंकर त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत चंद्रमाप्रसाद एवं जयप्रकाश के सेवानिवृत्त होने पर उपजिलाधिकारी मेजा अनुभव कन्नौजिया एवं राजस्व कर्मचारियों ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर एसडीएम ने जहां शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान कर स्मृति चिंह भेंट किया। वहीं राजस्व कर्मियों व अन्य शुभचिंतकों ने उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी। एसडीएम मेजा अनुभव कन्नौजिया ने कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली है कि हमें प्रयागनगरी की धरती में सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने तीनों कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी कार्य प्रणाली की सराहना की। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष जटाशंकर शुक्ल,आनंद पांडेय,पूर्व मंत्री राजकुमार तिवारी,नायब तहसीलदार मेजा,मांडा व लालतारा ने तीनों कर्मचारियों के उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की। आरके त्रिपाठी ने सेवानिवृत्त होने पर भाव विभोर होते हुए कहा कि आज वह अपने एक परिवार से अलग हो रहे है। उनके सेवाकाल में अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा जो सहयोग एवं मार्ग दर्शन दिया गया है, वह उसे कभी नहीं भूलेंगे। चंद्रमा प्रसाद ने भी सेवाकाल के अपने अनुभवों को साझा किया। संचालन खतौनी ऑपरेटर रमाशंकर शुक्ल ने किया।इस अवसर पर अधिवक्ता योगेंद्र नारायण शर्मा,कमलेश मिश्र,आनंद श्रीवास्तव,सतीश दुबे,योगेंद्र मिश्र, राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीडीओ ने सुनी फरियाद, कुल 278 शिकायतें मिली,14 का हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

### मेजा : संपूर्ण समाधान दिवस



**मेजा।** जुलाई माह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम संजय कुमार खत्री को मेजा तहसील में अध्यक्षता करनी थी, लेकिन वह किसी कारण वश नहीं पहुंच सके जिससे फरियादी मायूस दिखे।इससे सीडीओ गौरव कुमार ने अध्यक्षता की। उन्होंने फरियादियों की शिकायत सुन उनका समय के अंदर निस्तारण करने का निर्देश विभागाध्यक्षों को दिया।इस मौके पर विभिन्न विभागों राजस्व, चिकित्सा,पुलिस, स्वास्थ्य, पुष्टाहार, लोक निर्माण विभाग, चकबंदी, स्वच्छ पेयजल, सिचाई, वृद्धावस्था, विकलांग, शिक्षा, उद्यान, कृषि, मत्स्य, प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, राशन वितरण, विद्युत, लघु सिचाई, रेशम, पुष्टाहार आदि से सम्बन्धित कुल 278 प्रार्थना पत्र आए। जिनमें 14 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायतों के क्रम में जेवनियां निवासी अजीत पांडे ने चक मार्ग पर अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में शिकायत की।उरुवा निवासी शिव नायक ने उरुवा पसियान बस्ती में कथित लोगों द्वारा गांजा, शराब का खुलेआम व्यापार कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। लोहारी निवासी मधु गौड़ अपने पति पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। भारतगंज निवासी कल्लन पुत्र मंजूर ने बैनामा की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की है। उनके अनुसार पुलिस व लेखपाल द्वारा आख्या दिए जाने के बाद भी अवैध कब्जा किया जा रहा है। समोगरा निवासी सुरसती ने आवास की मजदूरी न मिलने की शिकायत दर्ज कराई।ढीलिया निवासी कृष्ण विजय सिंह ने विद्यालय की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत की। दसौटी खीरी निवासी अर्जुन प्रजापति ने पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की।दोहरिया निवासी रमाशंकर सोनी ने उनकी जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की। उनके अनुसार लेखपाल द्वारा पैमाइश की जाने के बावजूद भी दबंग नहीं मान रहे हैं। मसौली मांडा निवासी ननकू राम ने अपने जमीन पर कथित लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की।कानीगड़ा निवासी केशव प्रसाद ग्राम प्रधान द्वारा चेक मार्ग की पैमाइश करने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। बसहरा निवासी संतिया पत्नी राजमणि ने आराजी जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की।लेहड़ी निवासी ब्रह्मदेव पुत्र बालकृष्ण ने पिता जी के गुजर जाने के 1 साल बाद भी वरासत दर्ज न किए जाने की शिकायत की। खुरमा मांडा निवासी फूला देवी ने आवासीय पट्टे की जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा दिलाने की मांग की है। पकरी सेवार निवासी नीरज पुत्र नंदलाल ने विद्युत रीडिंग व बिल संशोधन के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। इसौटा निवासी संपत्ति देवी ने आवास के संबंध में बताया कि उनका नाम लिस्ट में होने के बावजूद प्रधान द्वारा आवास नहीं दिया जा रहा है। धरावनारा निवासी सावित्री देवी ने प्रधान पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा 15 से 20 लेबर के स्थान पर 60 से 65 लेबर दिखाकर के सरकारी धन गबन किया जा रहा है। मांडा निवासी अधिवक्ता बिंदेश्वरी प्रसाद ने वारिस की शुरूआत होने के बावजूद भी नाली की सफाई में न किए गए जाने पर नाली जाम हो गई है जिससे उन्होंने नाली साफ कराने की मांग की।सभी मामलों को गंभीरत से लेते हुए उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ सभी शिकायतों का निस्तारण किया जाए। एसडीएम मेजा अनुभव कन्नौजिया ने सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्पूर्ण समाधान दिवस के लिए एक अलग से रजिस्टर बनाकर उसमें संबंधित शिकायतों व निस्तारण का ब्योरा नोट करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर तीनों नायब तहसीलदार,तीनों थानों के प्रभारी निरीक्षक, तीनों ब्लॉक के बीडीओ, सीएचसी मेजा के अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर क्रिया योग आश्रम में जुटेंगे विदेशी साधक

**झूंसी।** गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरु के दर्शन के लिए दूर दराज के शिष्य झूंसी के आश्रमो में पहुचने लगे है। आश्रमो में भी गुरु पूर्णिमा की तैयारी जोर शोर से चल रही है। साफसफाई के साथ आश्रम को सजाया जा रहा है। झूंसी स्थित क्रिया योग आश्रम एवं अनुसंधान केंद्र, टीकर माफी आश्रम, कैलाश धाम, परमानन्द आश्रम, शिव गंगा आश्रम, विहंगम योग में गुरु पूर्णिमा की विशेष तैयारी चल रही है। क्रिया योग आश्रम में भारी संख्या में विदेशी साधक के जुटने का दावा है। ककरा स्थित दुवार्षा आश्रम पर इस बार गुरु पूर्णिमा पर त्रिदंडी स्वामी जगतगुरु रामानुजाचार्य भक्तो को दर्शन देगे पहले वो दारागंज आश्रम में रहते थे। आचार्य धर्मेंद्र शुक्ल ने बताया कि आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर आने वाले शिष्यों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है। अभी से भारी संख्या में वेद पाठी छात्र आश्रम में पहुच गए है।

## संगम तट पर अखिलेश यादव की 50 फिट ऊंची लगाई गयी तस्वीर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज संगम में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की शनिवार को 50 वां जन्मदिन मनाया गया। प्रयागराज में अनूठे अंदाज में सपा कार्यकताओं ने उनका जन्मदिन मनाया। संगम के तट पर 50 फिट ऊंची तस्वीर लगाई और तस्वीर के सामने जुटे कार्यकताओं ने केक काटा। एक दूसरे को केक खिलाया और अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगाए गए। सपा नेता रक्षामंत्री यादव की ओर से यह पहल की गई थी। यहां जुटे सपाई 50 फिट लंबी अखिलेश की तस्वीर के साथ सेल्फी लेते दिखे। यहां विधायक मेजा संदीप पटेल की समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।इसी क्रम मे जिला कार्यालिय जॉर्जटाउन में 'लोक कल्याण दिवस' के रूप में अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। उसके बाद समाजवादी पार्टी यमुनापार के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद के नेतृत्व में करछना के मुंगारी में भव्य कार्यक्रम का अयोजन किया गया। यहां लोकगीत के माध्यम से अखिलेश सरकार में दी गयी योजनाओं के बारे में बताया गया। विधायक संदीप पटेल ने कहा हमारे नेता अखिलेश यादव ने गरीबों, पिछड़ों दलितों और युवाओं के लिए अनगिनत योजनाओं की शुरूआत की थी जिसका फायदा जनता को सीधा पहुंचता था लेकिन भाजपा ने आज उन सभी योजनाओ को बंद करके देश व प्रदेश हालत खस्ता कर दी है। सपा यमुनापार जिलाध्य्ष ने कहा कि आज हम लोग संकल्प लेते हैं कि 2024 में भजपा सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। इस मौके पर यमुनापार महासचिव जगदीश यादव, रणजीत सोनकर, कृपाशंकर बिंद , सत्यभामा मिश्रा, जयशंकर, राजू पासी, रामानंद, सोमदत्त पटेल, राकेश, विजय पटेल, मीडिया प्रभारी सूरज यादव व अन्य रहे।



## अखिलेश यादव विकास पुरुष एवं भारत के भविष्य हैं: नरेन्द्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 50 वें जन्मदिन पर पार्टी के वरिष्ठ नेता निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने शनिवार को मेजा के भड़ेवरा गांव मे 'लोक कल्याण दिवस'' के रूप मे समारोह करके वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगों व जरुरतमंदों को वस्त्र वितरण कर अपने नेता का जन्मदिन मनाया, उनके स्वस्थ दीघार्यु तथा फिर से उत्तम और उन्नत राज्य की पुनर्स्थापना करने के लिए लोगों से आशीर्वाद मांगा। सपा नेता नरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि अखिलेश यादव ने नयी पीढ़ी को समाजवाद के प्रति आकर्षित किया है। अखिलेश यादव वर्तमान समाजवादी आन्दोलन के महानायक एवं इस देश के भविष्य हैं तथा समाजवाद के प्रणेता डाक्टर लोहिया, मुलायम सिंह यादव, जनेश्वर मिश्र आदि नेताओं के आचरण को आत्मसात करते हुए समाजवादी आन्दोलन की परम्परा को आगे बढ़ाने मे सतत प्रयत्नशील हैं। नरेन्द्र सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में जो ऐतिहासिक फैसले किए थे वो देश के लिए आज भी नजीर बने हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि सत्ता भले किसी को मिल गयी हो, लेकिन जनता के दिल मे अभी भी नेता तो केवल अखिलेश यादव ही हैं, क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए समाज के हर वर्ग खासकर किसानों, महिलाओं, युवाओं, छात्रों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों, दलितों तथा हर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए बहुत सारी योजनाएं लागू कर उन्हें मुख्यधारा मे शामिल करने का भगीरथ प्रयास किया जिसकी चर्चा आज भी हो रही है और हम सब आज उनका जन्मदिन 'लोक कल्याण दिवस' के रूप मे मना रहे हैं। नरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि अखिलेश यादव संवेदनशील राजनेता हैं, जो हमेशा जनकल्याण और समाज उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहते हैं।कार्यक्रम के शुरूआत मे गांव की पूर्व प्रधान श्रीमती अनीता सिंह ने 11पाउंड का केक काटकर एक दूसरे को खिलाते हुए जन्मदिन मनाया, वहीं उपस्थित महिलाओं ने सोहर गीत गाकर अखिलेश यादव के स्वस्थ दीघार्यु की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के आयोजक सपा नेता निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने क्षेत्र की लगभग 500 वृद्धजनों विधवाओं दिव्यांगों व जरुरतमंदों को वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए अखिलेश यादव के स्वस्थ दीघार्यु तथा राजनैतिक ऊंचाइयों का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र मे निष्पक्ष तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट विभूतियों को सपा नेता नरेंद्र सिंह ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फिरोज खान, अरविन्द यादव,बाबू नंदन यादव, विशुन देव यादव, दिव्यांशु शुक्ला,लाल जी यादव, प्रमोद शर्मा, मोहित शर्मा, राधेश्याम भारतिया, छब्बू राम हरिजन, पन्ना लाल, बऊ मुसहर, ज्ञान चंद्र सोनकर, निशा देवी, विमला देवी,सुशीला देवी, मुन्नी देवी, मिथिला देवी आदि सैकड़ों लोग रहे।

**अखिलेश यादव के जन्मदिन पर भड़ेवरा गांव मे 'लोक कल्याण दिवस' के रूप मे समारोह करके जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण किया गया**





### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 1592594 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**दिव्या तिवारी पुत्री गंगाधर तिवारी निवासिनी भीखीपुर प्रयागराज।**

# शिकायतों का निस्तारण न होने पर होगी कार्यवाही: जिलाधिकारी

## डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें, आठ का हुआ निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**



तहसील सदर में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 137 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 137 शिकायतों में से 58 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 24, विकास विभाग से 48, विद्युत विभाग से 04, चकबन्दी विभाग से 03 शिकायते प्राप्त हुई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गम्भीरतापूर्वक संज्ञान में लेकर किया जाये, डिफाल्टर श्रेणी में शिकायतें कदापि न जाने पाये, यदि शिकायतें डिफाल्टर श्रेणी में चली गयी है और उसका निस्तारण नही किया जा रहा है सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद की जो राशन की दुकाने रिक्त है उनका प्रस्ताव बनाकर आवश्यक कार्यवाही की जाये, जनपद की कोई भी राशन की दुकाने रिक्त न रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुये शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम मौके पर जाकर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुये निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर, सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करें अन्यथा की स्थिति सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया द्वारा विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का सुना गया एवं यथाशीघ्र निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


समीक्षा बैठक में मौजूद समिति के पदाधिकारीगण।

## साई बाबा की पालकी यात्रा से शुरू होगा तीन दिवसीय महोत्सव

### समिति के पदाधिकारियों ने किया पट्टिकाभिषेक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तीन दिवसीय साईनाथ महोत्सव का शुभारंभ रविवार को होगा। पहले दिन बलीपुर दर्शन मंदिर से दोपहर तीन बजे बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह पुलिस लाइन चैराहा, अंबेडकर चैराहा से घूमकर श्रीराम चैराहा, चैक, बाबागंज से भंगवा चुंगी चौराहा होकर पुनरू बलीपुर मंदिर पहुंचेगी।

इसकी अंतिम समीक्षा बैठक में अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने समितियों के पदाधिकारियों का पट्टिकाभिषेक किया। उनको परिचय पत्र जारी किया। साई टोपी लगाकर सम्मानित किया। बैठक में अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी, रोशनलाल ऊमरवैश्य, संजय खंडेलवाल, सीएम त्रिपाठी, चंद्रमौलि सिंह, विनोद सिंह, अवधेश ओझा, हरि प्रसाद खंडेलवाल, दिनेश सिंह दिन्नू, देवव्रत मिश्र समेत साई भक्त मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने बताया कि गुरुपर्णिमा पर होने वाला यह इस बार 33वां आयोजन है। तीन दिनों के इस उत्सव में दूसरे दिन सोमवार को गुरुपूर्णिमा पर गुरु महिमा प्रचवन कथा व्यास पं विजयकांत तिवारी शाम छह बजे से मंदिर परिसर में करेंगे। अगले दिन भी विविध कार्यक्रम होंगे।

## ग्रामीणों ने कुएं में गिरे साँड को निकाला बाहर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अचानक पैर फिसल जाने से एक साड कुएं में जा गिरा। नजर ग्रामीणों पर पड़ी तो सभी ने बहादुरी के साथ उसे बाहर निकाला जिसकी सराहना सभी लोग कर रहे हैं। गांव के किनारे घास खाते अचानक कुएं में सांड गिर गया। हल्ला गुहार पर जुटे आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत से सांड को बाहर निकाला। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के रतनमई गांव में शनिवार सुबह खेत में घास खाते समय अचानक सांड कुएं में गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के दिनेश की नजर पड़ी तो उन्होंने गांव वालों के साथ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों व पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सांड को कुएं से बाहर निकाला तथा डाक्टर को बुलाकर इलाज कराया।

## बाबा घुइसरनाथ धाम में सावन माह व अधिमास में श्रद्धालु नहीं कर सकेंगे रूद्राभिषेक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** पौराणिक शिव स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सावन मास में हजारों हजार श्रद्धालु यहां दूरदराज तक से जलाभिषेक करने के लिए आते है। ऐसे में व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए मंदिर गर्भगृह में मंदिर प्रशासन की ओर से श्रावण माह व अधिमास में रूद्राभिषेक वर्जित किया गया है। मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि ने बताया कि चार जुलाई से श्रावण माह शुरू हो रहा है। इसके साथ ही इस बार अधिमास भी है। ऐसे में यहां बाबा के दर्शन पूजन व जलाभिषेक को लेकर जिले व स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ ही गैर जनपद से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। कांवड़ियों का जत्था भी यहां बाबा को जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में आता है। इस दौरान श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन व जलाभिषेक की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए मंदिर प्रशासन द्वारा रूद्राभिषेक को वर्जित किया गया है। श्रावण माह व अधिमास में मंदिर गर्भगृह में रूद्राभिषेक वर्जित होने से श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन व जलाभिषेक में कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। श्रद्धालु बाबा घुइसरनाथ जी के दिव्य शिवलिंग का दर्शन पूजन जलाभिषेक आसानी से कर सकेंगे।

## स्काउट गाइड और एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर लोगों को किया जागरुक

### सदर विधायक ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**


रैली का फीता काटकर उद्घाटन करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

**प्रतापगढ़।** जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग की अपेक्षा और निर्देश के शनिवार की प्रातः 10 बजे राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के मुख्य द्वार पर सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य द्वारा सीएमओ जीएम शुक्ला आदि की उपस्थिति में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शहर में रैली निकाली गई तथा प्रताप बहादुर अस्पताल में गोष्ठी की गई। बता दें कि यह अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा।

इस मौके पर सीएमओ ने संचारी रोगों के प्रति जागरूकता पर सबका ध्यान आकृष्ट किया और सदर विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को घर घर और जन जन तक पहुंचाने हेतु आह्वान किया। उन्होंने रैली के आयोजन हेतु जनपद के स्वास्थ्य विभाग,कृषि विभाग,आंगनवाड़ी, बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्काउट गाइड तथा एनसीसी विभाग व सहभागी बच्चों ,शिक्षकों, पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर उन्होंने फीता काटकर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता हेतु रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उसका नेतृत्व किया। रैली जिला चिकित्सालय तक निकाली गई। यह चैक घंटाघर, भंगवा चुंगी, राजापाल टंकी चैराहा होते हुए पुनः जिला अस्पताल पहुंची। रैली में लगभग 20 गाड़ियां थी जिसमें फायर ब्रिगेड, नगर पालिका व स्वास्थ्य विभाग की गाड़ियों पर संचारी रोग नियंत्रण के बैनर लगे हुए थे। संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकर दयाल रोड नगर क्षेत्र, तिलक इंटर कॉलेज, के पी हिंदू इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, जीआईसी, सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहवर्धक सहभागिता किया। रैली की सफलता हेतु सीएमओ ने विशेष रूप से जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.ओपी राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह और स्काउट गाइड की जिला संस्था के पदाधिकारियों के सक्रिय सहयोग की प्रसन्न मन से सराहना किया। सीएमओ ऑफिस की ओर से सहभागी स्काउट्स,गाइड्स, एनसीसी कैडेट्स और अन्य सभी पदाधिकारियों, महानुभावों को स्वल्पाहार मय जल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के साथ सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री शिवपूजन द्विवेदी,जीआईसी प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह,जिला कमिश्नर स्काउट प्रमोद कुमार तिवारी,जिला मुख्यालय आयुक्त डॉ. विंध्याचल सिंह,संतोष मिश्रा, डॉ.मुहम्मद अनीस, जिला गाइड कमिश्नर गीता यादव, जिला सचिव डॉ.राघवेंद्र पाण्डेय, जिला स्काउट मास्टर बेसिक सुशील कुमार सिंह, डीओ सी राजाराम यादव,गाइड ट्रेनिंग काउंसलर मीनाक्षी पांडेय, डीओ सी गाइड नीलम शुक्ला, डीटीसी संजीव शर्मा, ट्रेनिंग काउंसलर शीला देवी, स्काउट मास्टर अशोक कुमार श्रीवास्तव जीआईसी, प्रधानाचार्य सेंट एंथोनी फादर आनंद, अभिषेक त्रिपाठी, पवन सिंह, के पी हिंदू इंटर कॉलेज के स्काउट मास्टर वृज भूषण मिश्रा, सीबी सिंह, ट्रेनर प्रिया मिश्रा, ज्योति श्रीवास्तव पीबी इंटर कॉलेज, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक एसके सिंह, रक्षा सिंह, अशोक मौर्य, कपिल तिवारी आदि मौजूद रहे।

## लोक कल्याण दिवस के रुप मे मना अखिलेश यादव का जन्मदिन

### सपा कार्यालय पर सपाईयों ने किया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**


सपा कार्यालय पर केक काटते रानीगंज विधायक डा0 आर.के. वर्मा।

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन लोक कल्याण दिवस के रूप में सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाजवादी सरकार के समय में हुए विकास कार्य और उपलब्धियों पर चर्चा करने के साथ-साथ अखिलेश यादव के दीघार्यु होने की कामना की तथा संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए व्यापक लोग जागरण अभियान पर चर्चा करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 को विजय लक्ष्य बनाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नि.जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। इस अवसर पर विधायक रामसिंह पटेल, विधायक डॉ.आरके वर्मा, विजय यादव, भइयाराम पटेल, गुलफाम खान, अनिल यादव, वासिक खान, जावेद खान पप्पू यादव, रमाशंकर यादव, शिव बहादुर यादव, राजू यादव, साजिद अली, डॉ.राम बहादुर पटेल, डॉ.शेर बहादुर यादव, रामधन यादव, राम बचन यादव सतनारायण यादव, समीम खान, अहमद अली, अब्दुल हई, संतोष यादव, शांति सिंह, शबनम बानो, निसार अहमद, मो.शमीम, साबिर अली, सुरेश जयसवाल, अशोक त्यागी, रमेश पाठक, विनोद यादव, तबारक हुसैन, रमेश यादव, पारसनाथ यादव, सुरेश यादव, अनिल यादव, यशवर्धन सिंह, विजय यादव सोनू, शफात अहमद, राकेश सरोज, कमलेश मधुकर, कामता पटेल, प्रदीप सरोज, अब्दुल हकीम, अंकुर मौर्य, कमलेश पाल, पंडित करोड़ीमल शर्मा, राव वीरेंद्र सिंह, वकार अहमद, पूर्व मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में महिला को किया लहूलुहान, केस दर्ज

**लालगंज प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में महिला को मारपीट कर लहूलुहान करने की घटना पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सलेम भदारी पूरे दुखछोर गांव निवासी सूर्य नारायण दुबे के पुत्र रमापति दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उनका परिवार के लोगों से जमीनी विवाद चला आ रहा है। इसी रंजिश में बीती चार जून को सुबह नौ बजे उसके सगे भाईयों गंगा प्रसाद दुबे व प्रमोद दुबे तथा प्रमोद कुमार की पत्नी पूजा ने गालीगलौज करते हुए उसकी पत्नी को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीडिता के शोर मचाने पर आरोपियो ने घरेलू सामानो मे तोडफोड भी किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच के बाद गंगा प्रसाद समेत तीन लोगों के खिलाफ शुक्रवार की रात मारपीट, गालीगलौज, तोडफोड व धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

## सेवानिवृत्त पर दारोगा को दी गई भावभीनी विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना में पदस्थापित दारोगा शिव अवतार शुक्ला शुक्रवार को रिटायर्ड हो गए। पुलिस पदाधिकारियों ने रिटायर्ड दारोगा को भावभीनी विदाई दी। थानाध्यक्ष संजय पांडे ने रिटायर्ड पदाधिकारी को अंग वस्त्र, धार्मिक पुस्तक, चादर देकर विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने कहा कि शुक्ला का कार्यकाल सराहनीय रहा। कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी के रूप में इन्हें याद किया जाएगा। इन्हें जो भी जिम्मेवारी दी गई, उसे पूरी ईमानदारी से किया। रिटायर्ड होने के एक दिन पहले तक इन्होंने ड्यूटी की। कभी-भी वर्दी पर दाग लगने नहीं दिया। यह सभी के लिए गर्व की बात है। पदाधिकारी के संबोधन से रिटायर्ड कर्मी की आंखे छलक आई। शिव अवतार शुक्ला गांव सकवारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट के निवासी हैं। थाने के अन्य पदाधिकारी और कर्मियों ने पुष्पगुच्छ दे विदा किया। मौके प्रशांत उपाध्य अंजनी सिंह ठ व राय गुलाब चंद पांडेय भीम राव पवन कुमार उमेश कुमार राज कुमार सुनील कुमार सूरज सिंह मधवेश संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## चिकित्सक दिवस पर पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मान

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप,बीबीएफजी ने मेडिकल कालेज डाक्टरों के संग डॉक्टर्स डे मनाया। इस मौके पर ग्रुप ने डाक्टरों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। डाक्टरों ने मरीजों का बेहतर से बेहतर इलाज करने का अपना संकल्प दोहराया। एक जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। धरती के दूसरे भगवान कहे जाने वाले डाक्टरों को इस दिन बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने उनकी ड्यूटी के दौरान पुष्प गुच्छ भेंट किया। जिसमें मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव, महिला अस्पताल की सीएमएस डाक्टर रीना प्रसाद, वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री, सर्जन डॉ केके तिवारी, हड्डी डाक्टर सचिन कुमार, आईसर्जन विवेक तिवारी, रेडियोलॉजिस्ट डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य को सम्मानित किया गया। संचालन ग्रुप के सहयोगी वीके तिवारी और प्रदीप यादव ने किया।

## बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति करवाने वालों के विरूद्ध हो कार्यवाही: श्याम त्रिपाठी

### आयोग के सदस्य ने जिला कारागार व जिला महिला चिकित्सालय अस्पताल किया निरीक्षण

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**


अधिकारियों के साथ बैठक करते आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी।

**प्रतापगढ़।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने जिला कारागार, जिला अस्पताल, वन स्टाप सेन्टर एवं पोषण पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण किया। आयोग के सदस्य ने जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण किया जिसमें 41 महिलायें व 04 बच्चे पाये गये, महिलाओं से जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली गयी, साथ ही साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उसके उपरान्त जिला महिला चिकित्सालय में पीकू वार्ड में भर्ती बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की गयी और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गयी और उपस्थित चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत जिला महिला चिकित्सालय परिसर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें जिला महिला चिकित्सालय में जन्मी 08 बालिकाओं को आयोग के सदस्य द्वारा बधाई संदेश, बेबी किट एवं मिष्ठान आदि का वितरण नवजात बच्चियों को किया गया।

उसके उपरान्त राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने श्रम विभाग, चिकित्सा विभाग, आबकारी, प्रोबेशन, नेहरू युवा केन्द्र, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा आदि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुये आपस में समन्वय बनाते हुये बच्चों के हित में कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को किसी भी प्रकार समस्यायें न हो इसके लिये विभिन्न योजनायें संचालित है। उन्होने बताया कि जनपद में कोविड-19 के दौरान जिन बच्चों के माता/पिता की मृत्यु हुई थी उन बच्चों को लाभ दिलाने हेतु मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जनपद के 178 बच्चे चिन्हित किये गये जिनकों लाभ दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि 01 मार्च 2020 के पश्चात जिन बच्चों के माता/पिता की किसी अन्य बीमारी की वजह से मृत्यु हो गयी है उनके बच्चे जो 18 वर्ष के नीचे है उन्हें उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के तहत जनपद के 248 बच्चों को लाभ दिया जा रहा है और इन बच्चों का गोल्डेन कार्ड भी बना है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के अधिकारी से कहा कि कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभार्थियों का ज्यादा से ज्यादा आवेदन फार्म भराये जाये जिससे लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। आयोग के सदस्य ने अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारी से मदरसों के सर्वे की जानकारी ली तो बताया गया कि 90 मदरसे सर्वे में पाये गये जिनकी मान्यता नही है और 160 मदरसे मान्यता प्राप्त है जिनमें फार्म भराये जा चुके है। आबकारी विभाग की समीक्षा में सदस्य ने निर्देशित किया कि शराब/मदिरा की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये और दुकानों का निरीक्षण भी किया जाये। उन्होने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को सचेत किया कि जनपद के जिन मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरा नही लगा है वहां पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाये। बैठक में उप जिलाधिकारी न्यायिक, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता सहित सदस्य बाल कल्याण समिति, सेन्टर मैनेजर वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड लाइन के सदस्य एवं अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### टेढ़ीमोड़ चौराहे के आसपास झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत टेढ़ीमोड सहजादपुर कल्यानपुर गुलामी पुर और आसपास के क्षेत्र में सुबह होते ही झोला छाप डॉक्टर झोला लेकर गांव गांव घूमने लगते हैं क्षेत्र में तमाम क्लीनिक और नर्सिंग होम है जो बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित है एक नर्सिंग होम में तो मरीज की मौत होने के बाद मुकदमा लिख दिया गया था लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद नर्सिंग होम बंद नहीं हो सका स्थान बदलकर फिर नर्सिंग होम का संचालन उन्हीं चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है मानक विहीन रूप से कई क्लीनिक और नर्सिंग होम संचालित है आखिर अवैध तरीके से इलाके में संचालित हो रही क्लीनिक और नर्सिंग होम पर कार्यवाही करने का जिम्मेदार कौन है किसके इशारे पर क्लीनिक और नर्सिंग होम अवैध तरीके से बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रही है डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के निर्देश के बाद भी टेढ़ी मोड़ चौराहे के आसपास के अवैध क्लीनिक और नर्सिंग होम पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उनकी टीम जांच करने नहीं पहुंच सकी है जिससे चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# शिकायतें आई 121 निस्तारण हुआ केवल 10

**तहसील मंझनपुर में डीएम एसपी ने सुनी जनशिकायतें**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को 07 दिन के अन्दर निस्तारित किया जाय तथा आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायत को समयान्तर्गत निस्तारित किया जाय, कोई शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता ऐसन निवासी ग्राम-छिमिरछा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि गांव के मोहर्रम अली द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता माया साहू, निवासी-ग्राम मेडुवा सलेमपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि उनकी भूमिधरी पर बोई कोहड़ा की खेती को सहखातेदार ईश्वरदीन पुत्र महावीर द्वारा नष्ट कर दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष को जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। तहसील सिराथू में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दुबई भेजने के नाम पर रईस अहमद ने ठगे सवा लाख रुपए

**8 साल बीत जाने के बाद पीड़ित को वापस नहीं मिल सकी अपनी रकम**

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के घमसिरा निवासी रईस अहमद ने कौशांबी थाना क्षेत्र के झबिया का पूरा बेरौचा निवासी भैया लाल को दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर वीजा आदि खर्च के लिए 8 वर्षो पूर्व सवा लाख रुपए अलग-अलग दिनांक में अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिया लेकिन भैयालाल को दुबई नहीं भेजा गया जब भैयालाल ने दुबई जाने के लिए वीजा की मांग की तो उसे टूरिस्ट वीजा दे दिया गया जिस पर वह 28 दिन दुबई में रहकर वापस अपने गांव लौट आया सवा लाख रुपए देने के बाद भी भैयालाल को नौकरी नहीं मिल सकी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले रईस अहमद से भैयालाल ने अपने सवा लाख रुपए वापस मांगे तो उसे तरह-तरह की बहानेबाजी कर रुपए देने से टकराया जाता रहा धीरे-धीरे 8 वर्ष का समय बीत गया लेकिन सवा लाख रुपए की ठगी करने वाले रईस अहमद ने भैयालाल को रकम वापस नहीं दी है जिस पर भैयालाल ने 08 जून 2023 को करारी थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर ठगी करने वाले रईस अहमद से रुपए वापस दिलाए जाने की मांग के साथ आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी की मांग की है लेकिन शिकायती पत्र देने के बाद 22 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी रईश अहमद पर ना तो मुकदमा दर्ज हुआ और ना पीड़ित भैयालाल की रकम वापस हो सकी है।

## न्यूज झरोखा

### बाइक सवार ने साइकिल सवार अधेड़ को मारी टक्कर,अधेड़ की मौके पर मौत

**पुलिस ने वायरलेस सेट के जरिए सूचना प्रसारण कर बाइक सवार को गिरफ्तार करने का प्रयास नहीं किया**



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नई तहसील गेट के सामने साइकिल सवार अधेड़ को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे अधेड़ साइकिल समेत सड़क पर गिर पड़ा और लहूलुहान हो गया देखते देखते तड़प तड़प कर अधेड़ की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया है जबकि तहसील में आज तहसील समाधान दिवस था भारी पुलिस फोर्स के साथ पुलिस अधिकारी भी तहसील दिवस में मौजूद थे हादसे के बाद बाइक सवार के फरार हो जाने के मामले में पुलिस ने वायरलेस सेट के जरिए सूचना प्रसारण कर बाइक सवार को गिरफ्तार करने का प्रयास नहीं किया है। जानकारी के मुताबिक अधेड़ सुनील यादव पुत्र शारदा प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 1 दारानगर कड़ा धाम शनिवार को सिराथू तहसील आया था नई तहसील गेट के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक सवार ने अधेड़ को टक्कर मार दिया बाइक की टक्कर लगते ही साइकिल सवार लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा और तड़प तड़प कर मौके पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है अधेड़ की मौत की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं पूरे परिवार में कोहराम मचा है।

### शार्ट सर्किट से लगी घर में आग,गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक, परिवार के सामने टूटा मुसीबत का पहाड़



**अझुवा कौशांबी** सिराथू तहसील के नगर पंचायत अझुवा में एक घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई फायर ब्रिगेड कर्मियों के आग बुझाते बुझाते गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया आग लगने की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोग पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास किया। आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 8 निवासी राजाराम कश्यप पुत्र स्व.रामकुमार कश्यप परिवार सहित निवास करते हैं आज लगभग 3.30 बजे शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई देखते देखते आग ने पूरे घर को आगोश में ले लिया घर धू धू कर जलने लगा, घर और पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड सहित चौकी पुलिस को सूचना दिया फयरकर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया मौके पर विद्युत कर्मी भी पहुंच गए थे।परिजनों के अनुसार इस अग्निकांड की घटना में टीवी,,फ्रिज,,आलमारी,कपड़े,गेहूं ,राशन आदि नष्ट हुआ है इस दौरान तीव्र आग की चपेट से परिजनों को बचाने के लिए हाथ पैर से चलने को मजबूर राजाराम और उनकी पत्नी को पड़ोसियों ने घर से दूर बैठा दिया था। अग्निकांड की घटना में नष्ट हुए सामान के बाद परिवार के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है।

### अघोषित विद्युत कटौती से आजिज ग्रामीणों ने किया पवार हाउस का घेराव



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के बनपुरवा विद्युत सब स्टेशन से भैराए फीडर को पिछले 3 दिनो से विद्युत सप्लाई न मिल पाने से ग्रामीण नाराज हो गए बीती देर रात ग्रामीणों ने सब स्टेशन पहुंचकर घेराव किया और जिम्मेदार एसडीओ और जेई के विरुद्ध नारे लगाए हैं इस दौरान उपभोक्ताओं ने एसडीओ प्रभात यादव और उनकी टीम पर तमाम तरह के आरोप लगाए हैं ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 56 घंटे से विद्युत सप्लाई न मिलने से दैनिक कार्य और धान की बेहन नहीं हो पा रही है विद्युत कर्मी मनमानी पर उतारू हैं कांसीराम कालोनी रसूलपुर अजमतपुर,भैरायें सहित तमाम मजरों में विद्युत सप्लाई न होने से ग्रामीणों में विद्युत कर्मियों के प्रति जबरदस्त आक्रोश ब्याप्त है।

### बेनीराम कटरा चौराहे पर सड़क के गड्ढे हो रहे जानलेवा



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी** चायल तहसील के बेनीराम कटरा चौराहे पर पुलिस चौकी के सामने सड़क के बीच पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं सड़क के बीच के लिए गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं लेकिन उसके बाद विभागीय अधिकारी सड़क के गड्ढों को समतल करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं बारिश होने पर सड़क के गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे वाहन चालक गड्ढे की गहराई को नहीं समझ पाते हैं और आएदिन दुर्घटनाग्रस्त होते है जब गड्ढों में पानी नहीं होता तब भी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है और कभी-कभी गड्ढे में वाहन चालक गिर जाते हैं और दुर्घटना भी हो जाती है जिससे वाहन चालक घायल हो जाते हैं क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बेनीराम कटरा चौराहे पर सड़क के गड्ढों को समतल कराए जाने की मांग की है।

### सिपाही ने जिला अस्पताल ब्लड बैंक में किया स्वैक्षिक रक्त दान



**कल्यानपुर कौशांबी** संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर के ब्लड बैंक में पुलिस लाइन में तैनात सिपाही यस पाल सिंह ने स्वैक्षिक रक्त दान किया ।जिन्हे संयुक्त जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ऐसे जांबाज सिपाही यस पाल सिंह को ब्लड बैंक के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो ने बहुत बहुत बधाई दी है।

### महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा स्वावलंबन के प्रति किया जागरूक



**कौशाम्बी** जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा स्वालंबन के प्रति अभियान चलाकर जागरूक किया गया है नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत करारी महेवाघाट पश्चिम शरीरा आदि थाना की पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं को स्वालंबन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महिलाओं बालिकाओं को पुलिस द्वारा जानकारी दी गई।

# संयुक्त जागरूकता रैली के साथ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ

**एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा अभियान 17 से दस्तक अभियान घर घर जाएगी आशा और आंगनबाड़ी की टीम**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जनजागरूकता और स्वच्छता व्यवहार के जरिये संक्रामक बीमारियों से बचाव का एक माह का विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जिले में शुरू हो गया है । इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायती राज विभाग, नगर निकाय विभाग, पशुपालन, आईसीडीएस और कृषि विभाग समेत विभिन्न सहयोगी विभाग और संस्थाएं एक साथ मिल कर बीमारियों से बचाव के कदम उठाएंगी । इसी दौरान 17 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं की टीम घर घर जाकर बुखार, कोविड, कुपोषित बच्चों, टीबी, फाइलेरिया और कुष्ठ के मरीजों की सूची बनाएंगी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखा कर शनिवार को अभियान का शुभारम्भ किया । रैली मंझनपुर पीएससी से शुरू होकर चौराहा से होते हुए पुनः मंझनपुर पीएससी पर समाप्त की गई` रैली में स्काउड गाइड के छात्र छात्राएं हाथो में पोस्टर बैनर लेकर नारे लगते हुए, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी, नगर पालिका के प्रचार प्रसार वाहन ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर लोगो को जागरूक किया। शुभारम्भ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी सुजीत कुमार कहा कि स्वच्छता से ही बीमारियों से बचाव होगा और इस कार्य में अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकताओं की अहम भूमिका हैं स्वास्थ्य कार्यकर्ता जन जन तक संदेश पहुंचाए कि सफाई के सभी उपाय करके ही लोग बीमारियों से बच सकते हैं। लोगों के जीवन की रक्षा करने में स्वास्थ्य कार्यकताओं की अहम भूमिका है और सभी को समुदाय के विश्वास पर खरा उतरना है । सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों पर बुखार के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई है जिससे लोगों को घर के नजदीक त्वरित इलाज मिल रहा है यह जानकारी जन जन तक पहुंचाई जानी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी .डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि एक माह का अभियान मौसम की दृष्टि से और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि बरसात के बाद मच्छरों का प्रकोप बढ़ेगा । लोगों तक यह संदेश पहुंचाना है कि नालियों में पानी जमा न होने दें, झाड़ियों की सफाई करें, घर में भी कहीं साफ पानी जमा न होने दें, हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखें, शौचालय का प्रयोग करें, बच्चों को भी स्वच्छता व्यवहार सिखाएं और किसी भी प्रकार का बुखार हो तो अस्पताल के चिकित्सक से ही इलाज कराएं। बुखार के लक्षण दिखने पर आशा कार्यकर्ता की मदद से या स्वयं 108 नंबर एम्बुलेंस पर फोन कर उसके साथ ही अस्पताल जाएं अपने मन से दवा का सेवन नहीं करना है। जिला मलेरिया अधिकारी ने रैली समाप्त के बाद आशाओं को क्षेत्र में कार्य के बारे में जानकारी दी साथ ही बताया कि मानसून शुरू हो गया हैं और घर विजिट के साथ पानी को ड्रेन करने के लिए जरूर बताएं साथ ही किसी भी समस्या के होने पर नजदीकी सरकारी चिकित्सीय सलाह लेने के लिए बताएं इस अवसर पर सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अधीक्षक मंझनपुर बीसीपीएम अन्य विभाग के लोग नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी, डब्लू एचओ, डीएमसी यूनिसेफ मौजूद रहे।

**आशा कार्यकर्ता की अहम भूमिका**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर गाँधी नगर कालोनी की आशा कार्यकर्ता मिथलेश कुमारी ने बताया कि विशेष संचारी माह में हम लोग घर घर जाकर लोगो को साफ सफाई मच्छरों से बचाव के बारे में जानकारी देंगे। मिथलेश बताती हैं जिसके लिए हम लोगो का ट्रेनिंग भी किया गया हैं। उन्होंने कहा कि संचारी माह के अंतर्गत दस्तक अभियान भी संचालित किया जायेगा जिसमे घर घर जाकर टीबी, बुखार, लेप्रोसी, कुपोषित बच्चे का भी चिन्हीकरण करना होगा।

# सावन शुरू होने में बचे 2 दिन शिवालयों में नहीं हुए इंतजाम

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** भोलेनाथ का प्रिय महीना सावन शुरू होने में केवल 2 दिन बचे हैं सावन में शिवालय में भक्तों की भारी भीड़ लगती है शिवालय की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश 3 दिनों पूर्व जिलाधिकारी ने दिया लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी शिवालय की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी है कहीं गंदगी व्याप्त है कही साफ-सफाई का अभाव है कही लाइट सजावट की व्यवस्था नहीं हुई है कहीं कहीं रास्ते उबड़ खाबड़ है आने-जाने के रास्ते नहीं हैं नगर पालिका नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों को शिवालय की व्यवस्था दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए जाने के बाद अभी तक शिवालयो की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सके हैं मंझनपुर क्षेत्र के सेवकूपुर ग्राम में शिव मंदिर के पास सांसद द्वारा लगवाई गई सोलर लाइट 1 वर्ष से कम समय में खराब हो गई है सोलर लाइट खराब हो जाने से शिव मंदिर के पास अंधेरा रहता है 4 जुलाई से सावन मास की शुरूआत है शिव मंदिर में बिजली लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है एक वर्ष पहले सोलर लाइट लगाई गई थी लेकिन घटिया क्वालिटी के सोलर लाइट लगाए जाने से खराब हो गयी सूर्य ढलते ही मंदिर में अंधेरा हो जाता है मंदिर के आसपास साफ सफाई पर सफाई कर्मी बिल्कुल नहीं ध्यान दे रहा है जबकि मंदिर बिल्कुल मुख्य रोड के किनारे है साफ सफाई करवा के मंदिर के नीचे थोड़ा बहुत सुंदरीकरण और एक हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की सेवकूपुर की जनता ने सरकार मांग की है मंदिर के पास पानी की कोई व्यवस्था नहीं है जिले में इस तरह तमाम शिवा मंदिर है जहां अभी तक व्यवस्था नहीं की गई है मंझनपुर मुख्यालय के चौराहे के बगल में पुरानी आबादी में प्राचीन शिव मंदिर है जो पूरी तरह से अव्यवस्था का शिकार है शिव मंदिर के आसपास पूरी तरह से गंदगी व्याप्त है आसपास मांस मदिरा की दुकानें लगती हैं आसपास रहने वाले लोग अराजक तत्व भेड़ बकरी मुर्गी बत्तख छोड़कर शिव मंदिर को गंदा करते हैं लेकिन इस मंदिर की साफ-सफाई की व्यवस्था अभी नगरपालिका मंझनपुर ने शुरू नहीं की है डीएम के निर्देश पर इस मंदिर की साफ सफाई होगी या फिर हवा-हवाई साबित होगा।

# देव भाषा संस्कृत को जन जन पहुंचाने की योगी सरकार की अनूठी पहल

अखंड भारत संदेश

**आन-लाइन सिर्फ लाली पाप : परशुराम दल**

**कौशाम्बी।** देव भाषा संस्कृत को जन जन तक पहुँचाने की योगी सरकार की अनूठी पहल उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के आन लाइन माध्यम से निशुल्क संस्कृत सीखने के आयोजन का परशुराम दल बिरोध करते हुए सिर्फ इसे ब्राह्मणों के लिए लाली पाप का दर्जा देता है जो कहीं से भी हितकारी नहीं साबित होती। संस्कृत भाषा देव भाषा हैं इसमें कोई शक नही है भारत वर्ष हिन्दी भाषित और राष्ट्र भाषा हिन्दी हैं इसमें भी कोई शक नहीं संस्कृत भाषा को भी यह दर्जा मिले परन्तु आन लाइन संस्कृत सीखने से हम ब्राह्मणों का कभी भी भला नहीं हो सकता योगी सरकार की अनूठी पहल में संस्कृत को ऐच्छिक बिषय का दर्जा प्राप्त हो और कक्षा एक से इंटर तक अनिवार्य रूप से हो तथा प्रत्येक विद्यालय में अनिवार्य रूप से संस्कृत पढाया जाय और हर विद्यालय में एक संस्कृत अध्यापक की नियुक्ति हो तथा संस्कृत विद्यालयों एवं गुरुकुलो को सरकारी मान्यता प्रदान कर उन्हे सरकारी अनुदान देकर संस्कृत भाषा का मान बढाया जाय और संस्कृत के माध्यम से उत्तीर्ण छात्रों को नौकरियां प्रदान किया जाय तब कहीं योगी सरकार की देव भाषा संस्कृत को जन जन तक पहुँचाने की अनूठी पहल का परशुराम दल हार्दिक स्वागत करेगा ताकि ब्राह्मणों को संस्कृत पढने का मन बढें और उसके नौकरी के अवसर प्रदान हो केवल सीख कर ब्राह्मण पूजा पाठ शंख बजाने के काबिल ही रह जायेगा जो शायद आज अधिकांश हमारे ब्राह्मण भाई संस्कृत सीख पढ कर कर रहे हैं भला तो तब होगा जब संस्कृत को अनिवार्य विषय का दर्जा योगी सरकार प्रदान कर उत्तर प्रदेश के समस्त सरकारी विद्यालयों में एक संस्कृत अध्यापक की नियुक्ति करके सुचारू रूप से संस्कृत पढाने का काम करें जो सरकार की सराहनीय संस्कृत भाषा के उत्थान की पहल होगी। हिन्दी हमारी मातृभाषा हैं अनिवार्य रूप से पढाई जाती है और विद्यालयों में हिन्दी टीचर की व्यवस्था है जो स्वागत योग्य है अंग्रेजी हमारी मातृभाषा नहीं हैं वह भी विद्यालयों में कक्षा एक से इंटर तक ऐच्छिक बिषय हैं पढाई जाती है और उसके लिए भी इंग्लिश टीचर की विद्यालयों में व्यवस्था हैं।आप सबको ज्ञात है समाजवादी सरकार में मुलायम सिंह यादव ने उर्दू बिषय को मान्यता देकर विद्यालयों में एक उर्दू टीचर की व्यवस्था किया और उर्दू भाषी मदरसों को अनुदान देकर उर्दू भाषा को बढावा दिया जो हमारी मातृभाषा या देव भाषा नहीं हैं लेकिन संस्कृत भाषित गुरुकुलो य विद्यालयों को किसी सरकार ने मान्यता या अनुदान देकर बढाने का काम नहीं किया जिससे आज तमाम ब्राह्मणों के बच्चे गुरुकुलो से अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हुए भी दर दर बेरोजगारो की लाइन में खडे होकर जीविका पार्जन हेतु पूजा पाठ शंख बजाने के काबिल ही समझे जातें हैं जो सरकार की बिडंबना ही हैं और सरकार की इस आन लाइन संस्कृत सीखने की व्यवस्था शिवा लाली पाप के अलावा और कुछ नहीं हैं जिसका हम परशुराम दल के माध्यम से बिरोध दर्ज कराते हैं अगर सरकार संस्कृत को जमीनी हालत में कायम कर अनिवार्य रूप से विद्यालयों में पढाने प्रति विद्यालय में एक संस्कृत अध्यापक की नियुक्ति करके अनिवार्य बिषय का दर्जा प्रदान करे तो परशुराम दल सरकार का हार्दिक स्वागत बंदन करता हैं क्योकि अब ब्राह्मण ऐसे छलावा और लाली पाप से अच्छी तरह से वाकिफ हो चुका है।

# स्वास्थ्य मंत्री को फिर गुमराह करने में सफल हुए सीएमओ कौशांबी

अखंड भारत संदेश

**अग्निशमन द्वारा चिन्हित कर सीएमओ को भेजे गए अस्पतालों की लिस्ट में शामिल अवैध अस्पतालों को बंद कराने में सीएमओ के क्यो छूटे पसीने**

**जिन क्लीनिक अवैध अस्पताल नर्सिंग होम से विभाग की कमाई कम है स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद उन अस्पतालों की जांच करने स्वास्थ्य टीम पहुंची है**

**कौशाम्बी।** अवैध अस्पतालों अवैध नर्सिंग होम और अवैध तरीके से संचालित क्लीनिक से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के क्या रिश्ते हैं यह जगजाहिर हो चुका है लेकिन स्वास्थ्य विभाग और अवैध अस्पताल संचालकों के रिश्ते से शायद स्वास्थ्य मंत्री अभी अनजान हैं जिससे मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनमानी तरीके से स्वास्थ्य व्यवस्था संचालित कर स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह करने से तनिक भी दहशत नहीं खाते हैं बीते दिनों स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक का कौशांबी जनपद आगमन हुआ जिले में चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सीएमओ को बख्शीस दे गए स्वास्थ्य मंत्री शीर्षक से अखण्ड भारत संदेश समाचार पत्र में खबरें प्रकाशित कर स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान कौशांबी की चौपट स्वास्थ्य ब्यवस्था की ओर दिलाया गया मामले को स्वास्थ्य मंत्री ने गंभीरता से लिया उन्होंने अवैध अस्पताल अवैध नर्सिंग होम अवैध क्लीनिक को बंद कराने का निर्देश सीएमओ को दिया स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश मिलने के बाद 30 जून को जिले में दो टीम बनाकर अस्पतालों की जांच कराई गई 1 जुलाई को फिर अस्पतालों की जांच कराई गई जिसमें केवल खानापूर्ति दिखाई दे रही है जिन अवैध अस्पतालों पर बराबर स्वास्थ्य बिभाग के अफसरों से सांठगांठ का आरोप लग रहा है जिन अस्पतालों में इलाज के दौरान पूर्व में मौत हो चुकी हैं जिन अवैध अस्पतालों को चिन्हित कर अग्निशमन विभाग ने वर्षो पूर्व सीएमओ को सूची भेज कर अस्पताल बंद कराने का सुझाव दिया था टीम बनाकर जांच कराए जाने के बाद भी उन अस्पतालों पर कार्यवाही नहीं हो सकी है सूत्रों की माने अवैध अस्पताल क्लीनिक और नर्सिंग होम से एक बंधी हुई तय रकम बीते कई वर्षो से प्रत्येक महीने सीएमओ के आगे पीछे घूमने वाला एक लिपिक सीएमओ के नाम पर उनके रहमो करम पर वसूल रहा है चचाओं पर जाए तो जिन क्लीनिक अवैध अस्पताल और अवैध नर्सिंग होम से स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की कमाई कम हो रही है स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद उन अस्पतालों की जांच करने स्वास्थ्य टीम पहुंची है लेकिन जिन अस्पतालों से पूर्व से पूरी सेटिंग है उन अस्पतालों की जांच करने का साहस मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशांबी नहीं करा सके हैं आखिर स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर कब तब तोड़ मरोड़ कर स्वास्थ्य मंत्री को सीएमओ गुमराह करते रहेंगे और अवैध धंधे वालों से वसूली कर मालामाल होते रहेंगे चचाओं पर जाएं तो जिले में 700 से अधिक अवैध नर्सिंग होम और 5000 से अधिक अवैध क्लीनिक बेखौफ तरीके से संचालित हो रही है स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद भी कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है जिससे कौशांबी की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हैं मामले को क्या स्वास्थ्य मंत्री संज्ञान ले कर अवैध वसूली में लिप्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निलंबित कर इनकी विभागीय जांच शुरू कराएगे या सब कुछ ड्रामेबाजी तक चलता रहेगा।

## 110 दो पहिया चार पहिया वाहन का पुलिस ने किया ई चालान

**कौशाम्बी** यातायात पुलिस द्वारा जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया पूरे जिले में चेकिंग के दौरान चार पहिया और दोपहिया वाहनों को चेक करते हुए यातायात पुलिस ने 110 वाहनों पर ई चालान की कार्यवाही की है हालांकि ई चालान की कारवाही में अवैध तरीके से चलने वाले अवैध बसे विक्रम ई रिक्शा ओवरलोड बालू वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो सकी है।

**7 लोगों पर पुलिस ने की शांति भंग की कार्रवाई :** कौशाम्बी जिले के अलग-अलग थाना पुलिस द्वारा सात लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई की गई है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महेवाघाट सैनी सराय अकिल कड़ा धाम थाना पुलिस ने अशांति फैलाने की आशंका पर 7 लोगों पर अलग-अलग कार्यवाही की है।

**वारंटी अभियुक्त को कड़ा धाम पुलिस ने किया गिरफ्तार :** कौशाम्बी कड़ाधाम थाना में मुकदमा अपराध संख्या 27 सन 2022 में नामजद अभियुक्त की तलाश लंबे समय से पुलिस को थी लेकिन पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार था मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वारंटी अभियुक्त राकेश कुमार उर्फ छेददु पुत्र सुखलाल निवासी गौसपुर नवावा थाना कड़ा धाम को गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया है।

**धर्म परिवर्तन में लगे 4 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार :** कौशाम्बी मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के अम्बावा पश्चिम गांव में धर्म परिवर्तन करने में लगे लोगों की जानकारी मिलने पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है बताया जाता है कि बीमारी ठीक करने चमत्कार दिखाकर ठंड धन लाभ दिलाने की बात करके लोगों के मन मस्तिष्क को परिवर्तन कर हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म में शामिल होने का लोगों पर दबाव बनाया जाता है मामले की भनक पुलिस को लग गई पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने में लगे खुन्नू लाल राजेंद्र कुमार कोरी बुदून मनफूल सरोज सभी निवासी अम्बावा पश्चिम थाना मंझनपुर को समदा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है और लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपियों को अदालत में पेश किया है।

**तमंचा के साथ वारंटी को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार :** कोखराज कौशाम्बी कोखराज थाना क्षेत्र में तमंचा के मामले में नामजद अभियुक्त की पुलिस को तलाश थी पुलिस ने आरोपी कमलेश कुमार पुत्र दक्खनी प्रसाद निवासी बिसारा थाना कोखराज को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है और लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया है आरोपी तमंचा लेकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने जा रहा था पुलिस को भनक लग गई और पुलिस ने उसे तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

संपादकीय

# टी एस सिंहदेव पर उचित फैसला

**छत्तीसगढ़** समेत पांच राज्यों में इस साल के आखिर में चुनाव होने हैं। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें हैं और दोनों ही राज्यों में कांग्रेस सत्ता बनाए रखने की उम्मीद दिखा रही है। वहीं मध्यप्रदेश में भाजपा को सत्ता से हटाने की पुरजोर कोशिश कांग्रेस की है। तेलंगाना में कांग्रेस का मुकाबला सत्तारुढ़ बीआरएस से है, लेकिन यहां भी कांग्रेस ने अभी से पुख्ता रणनीति पर काम शुरू कर दिया है।

मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है और यहां सत्तारुढ़ दल के अलावा भाजपा से भी कांग्रेस को मुकाबला करना है। इस पूर्वोत्तर राज्य में कांग्रेस के भविष्य के बारे में कोई अनुमान लगाना अभी कठिन है, लेकिन हिंदी पट्टी के राज्यों में कांग्रेस इस बार बड़ी जीत की उम्मीद लगाए बैठे है। पांच साल पहले भी मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़, तीनों राज्यों में कांग्रेस ने भाजपा को मात देकर राजनैतिक विश्लेषकों को चौंका दिया था, क्योंकि तब देश में मोदी के आगे कौन वाला सवाल भाजपा समेत मीडिया का बड़ा वर्ग और राजनैतिक जानकार भी उठाते रहते थे। लेकिन राहुल गांधी के अध्यक्ष रहते कांग्रेस ने ये बड़ी जीत हासिल की थी। लेकिन इसके साथ ही अंदरूनी खींचतान और क्षेत्रीय नेताओं की महत्वाकांक्षाओं से जूझना भी पड़ा था। मध्यप्रदेश में तो ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बगावत करके न सिर्फ अपने समर्थकों के साथ पार्टी छोड़ी, बल्कि भाजपा की सरकार भी बनवा दी और खुद राज्यसभा सांसद के साथ केंद्र सरकार में मंत्री बन गए। मध्यप्रदेश में इसके बाद भी कांग्रेस के कई धड़े बने रहे, मगर अब चुनावों के पहले सभी एक साथ आकर भाजपा को हराने की रणनीति बना रहे हैं। राजस्थान में भी अशोक गहलोत और सचिन पायलट के आपसी झगड़ों से कांग्रेस की सत्ता दांव पर लग गई थी। लेकिन यहां भाजपा में भी अंदरूनी कलह है और भाजपा कांग्रेस की फूट का लाभ नहीं ले पाई। अब कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट और अशोक गहलोत को मिलकर चुनाव लड़ने और जीत की ओर बढ़ने के लिए राजी कर लिया है। छत्तीसगढ़ में पिछले चुनाव में 15 साल बाद कांग्रेस को सत्ता में लौटने का मौका मिला था, लेकिन यहां भी पार्टी नेताओं की महत्वाकांक्षा फूट का डर बढ़ा रही थी। कांग्रेस ने भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपी, लेकिन इस पर टी. एस. सिंहदेव भी दावेदारी कर रहे थे। सत्ता के शुरूआती दिनों में ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री वाले फामूर्ले पर कई बार चर्चा हुई, लेकिन किसी ने इस पर मुहर नहीं लगाई। भूपेश बघेल मुख्यमंत्री रहे और इस बीच उत्तरप्रदेश, पंजाब, गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश जैसे तमाम राज्यों में उन्होंने पार्टी के लिए जमकर मेहनत की। कहीं सफलता मिली, कहीं नहीं मिली, लेकिन भूपेश बघेल का कद दिल्ली में बढ़ता रहा। लेकिन इस दौरान टी.एस.सिंहदेव की नाराजगी या असंतुष्टि भी बीच-बीच में जाहिर होती रही। स्वास्थ्य मंत्रालय के अलावा श्री सिंहदेव के पास ग्रामीण विकास मंत्रालय भी था, लेकिन जब इससे उन्होंने इस्तीफा दिया तो उनकी नाराजगी खुलकर सामने आई। फिर पिछले दिनों उनका एक बयान वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने सरगुजा संभाग की सभी 14 विधानसभा सीटों पर जीत को लेकर संशय जाहिर किया था। इसके अलावा उन्होंने अपने चुनाव लड़ने को लेकर भी कोई स्पष्टता न होने की बात कही थी। 13 जून को श्री सिंहदेव ने अंबिकापुर में कांग्रेस के संभागीय सम्मेलन में यह बयान दिया था कि दिल्ली में उन्होंने भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की थी। उन्हें भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव दिया गया है, लेकिन वह भाजपा में नहीं शामिल होंगे। टी. एस. सिंहदेव का यह बयान कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी थी। क्योंकि वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या दूसरे दल में चले जाने का नुकसान आसानी से संभाला नहीं जा सकता। इन सबसे कांग्रेस आलाकमान को यह समझ आ गया कि छत्तीसगढ़ में असंतोष भीतर ही भीतर खदबदा रहा है और अगर समय रहते इसे संभाला नहीं गया तो यह कांग्रेस के हाथ से बनी-बनायी बाजी को छीन सकता है। इसलिए बुधवार को दिल्ली में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेताओं के साथ हुई एक अहम बैठक के बाद कांग्रेस नेतृत्व ने टी. एस. सिंहदेव को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया, जो बिल्कुल सही कदम है। सिंदहेव जी भले ही चार महीनों के लिए उपमुख्यमंत्री रहेंगे, लेकिन कांग्रेस की सत्ता वापसी की राह इससे आसान हो जाएगी। छत्तीसगढ़ की सरगुजा रियासत के राजा और अंबिकापुर के विधायक टी. एस. सिंहदेव की न केवल सरगुजा पर पूरी पकड़ है, बल्कि राज्य की राजनीति में वे सुलझे विचारों वाले, बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण, प्रगतिशील नेता माने जाते हैं। 2018 के चुनाव में जिस घोषणापत्र के साथ कांग्रेस भाजपा के खिलाफ मैदान में उतरी थी, उसे तैयार करने में सिंहदेव जी की अहम भूमिका रही है। घोषणापत्र तैयार करने के लिए सिंहदेव जी ने पूरे छत्तीसगढ़ का दौरा किया और समाज के हर वर्ग से परामर्श किया। इस घोषणापत्र में किसानों के मुद्दे, स्वास्थ्य आदि को लेकर महत्वपूर्ण बिंदु शामिल किए गए, जो कांग्रेस की जीत में निर्णायक साबित हुए। उनके प्रयासों से सरगुजा की सभी 14 विधानसभा सीटें कांग्रेस के खाते में आईं और इससे कांग्रेस को भाजपा पर बड़ी बढ़त बनाने में मदद मिली। बहरहाल, श्री सिंहदेव ने उपमुख्यमंत्री पद के लिए उन्हें नामित करने के फैसले के लिए कांग्रेस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'देर आए दुरुस्त आए।' लेकिन इसके साथ ही यह भी कहा कि 'मैं भाग्यशाली हूं कि आलाकमान ने मुझे ऐसी जिम्मेदारी दी है।' वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी महाराज जी को बधाई और शुभकामनाओं वाला ट्वीट किया है। साथ ही लिखा है- हैं तैयार हम। मुख्यमंत्री बघेल का यह ट्वीट एक तरह से चुनाव से पहले कांग्रेस का ऐलान है कि पार्टी एक बार फिर एकजुट होकर मैदान में उतरने के लिए तैयार है।

# महंगाई की मार: आम जनता लाचार...

अशोक भाटिया



**मानसूनी** बरसात से हरी सब्जियों पर महंगाई की मार पड़ गई है। जिस टमाटर की फसल को 20 दिन पहले किसानों ने खेतों में ही नष्ट कर दिया था, अब उसी के दाम आसमान छू रहे हैं। फुटकर में टमाटर 120 रुपये प्रति किलो और हरी मिर्च 150 रुपये प्रति किलो तक बिक रहे हैं। भिंडी, अरबी, तोरई, बैंगन 80 रुपये किलो पर पहुंच गए हैं। लौकी 50 रुपये किलो है। अधिकतर हरी सब्जियां आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। कुछ सब्जियां क्षेत्र के हिसाब से भी महंगी हैं।

केवल भारत में ही नहीं, दुनिया भर में जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है वो किसी से छुपी नहीं है। बढ़ती कीमतों ने लोगों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है जिसका सबसे ज्यादा खामियाजा समाज के गरीब तबके को उठाना पड़ रहा है।इस पर संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास संगठन (यूएनसीटीडी) द्वारा जारी ताजा विश्लेषण से पता चला है कि खाद्य कीमतों में 10 फीसदी के उछाल से, निर्धन परिवारों की आय में 5 फीसदी की गिरावट आ जाती है। देखा जाए तो यह राशि इतनी है जितनी वो परिवार आमतौर पर अपनी स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी जरूरतों पर खर्च करता है। यूएनसीटीडी के अनुसार दुनिया भर में तेजी से आसमान छूती महंगाई और बढ़ता कर्ज बड़ी समस्या बन चुका है। इसके साथ-साथ खाद्य पदार्थों और ऊर्जा साधनों की बढ़ती कीमतों के चलते करोड़ों लोग जीवन यापन के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। पिछले दो साल महामारी से जूझने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति भी नाजुक हो चुकी है। ऊपर से यूक्रेन में जारी युद्ध और जलवायु में आते बदलावों ने स्थिति को बद से बदतर बना दिया है। आंकड़ों की मानें तो आज 60 फीसदी मजदूरों की वास्तविक आय महामारी से पहले की तुलना में कम है। इतना ही नहीं दुनिया के 60 फीसदी सबसे कमजोर देश कर्ज के दलदल में फंसे हुए हैं। अनुमान है कि अफ्रीका में 5.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बस थोड़ा ऊपर हैं। वहीं वैश्विक स्तर पर 410 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट ह्यद स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्डह्न से पता चला है कि 2021 में करीब 82.8 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार थे। यह आंकड़ा कितना विशाल है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह भारत की करीब 59 फीसदी आबादी के बराबर है।

वहीं 230 करोड़ लोगों को दो जून की रोटी भी नसीब नहीं हो रही है। जिन लोगों को खाना मिल भी रहा है उनकी स्थिति भी कोई खास अच्छी नहीं है। पता चला है कि स्वस्थ आहार दुनिया में 310 करोड़ लोगों की पहुंच से बाहर है।खा जाए तो एफएओ द्वारा जारी फूड प्राइस इंडेक्स करीब-करीब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है और पिछले साल की तुलना में इस समय 20.8 फीसदी ज्यादा है। यही हाल ऊर्जा क्षेत्र का भी है। जहां कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई है। वहीं ऊर्जा कीमतों में भी 2021 की तुलना में इस साल 50 फीसदी वृद्धि की आशंका है। ऐसा ही कुछ उर्वरकों के साथ भी हो रहा है जिनकी कीमतें 2000 से 2020 के औसत की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा हो चुकी हैं।

देखा जाए तो एशिया और अफ्रीका में रहने वाले 9 करोड़ लोग, जो पहले बिजली इस्तेमाल कर रहे थे, अब स्थिति यह है वो अपनी ऊर्जा सम्बन्धी बुनियादी जरूरतों का भुगतान नहीं कर सकते हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते हर साल करीब 2 करोड़ लोगों को मजबूरी में विस्थापित होना पड़ रहा है। अनुमान है कि जलवायु से जुड़ी आपदाओं की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को हर साल 41.6 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है।नतीजन इसका असर न केवल खाद्य उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर पड़ रहा है साथ ही उत्पादन में भी गिरावट आ रही है। यह सब कुछ यहीं तक ही सीमित नहीं रहेगा, इसका असर अगले सीजन में भी बढ़ी कीमतों के रूप में सामने आएगा।यदि आम लोगों के जनजीवन पर पड़ते असर की बात करें तो बढ़ती महंगाई का मतलब है कि खाद्य उत्पादों और ऊर्जा कीमतों में इजाफा आ जाएगा, जिसका असर लोगों की वास्तविक आय पर पड़ेगा। उनके रहनसहन के स्तर में गिरावट आ जाएगी, जो अगले चलकर उनके भविष्य की संभावनाओं को भी प्रभावित करेगा।

अनुमान है कि इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं और लड़कियों पर पड़ेगा। इसकी वजह से सामाजिक रुपरेखा में जो दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगें वो चिंताजनक हैं। बढ़ती गरीबी से लेकर असमानता की खाई कहीं ज्यादा गहरी हो जाएगी। शिक्षा के स्तर और उत्पादकता में गिरावट आ जाएगी, साथ ही लोगों की मजदूरी भी कम हो जाएगी। इसका असर सरकारों की इस तरह के संकटों से निपटने की क्षमता पर भी पड़ेगा जिससे सामाजिक और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है।इस स्थिति से निपटने के लिए जहां कुछ परिवारों को अपने भोजन की गुणवत्ता से समझौता करना पड़ सकता है। वहीं बच्चों को शिक्षा से वंचित होने से लेकर स्वास्थ्य सम्बन्धी खर्चों के साथ समझौता करना पड़ रहा है। ऐसे में जब परिवार अपने खर्चों में कटौती करने की कोशिश करेंगें तो वो सस्ते उत्पादों की तरफ जाएंगें, जिनकी गुणवत्ता उतनी बेहतर नहीं होगी। नतीजन यह उन्हें आगे चलकर कहीं ज्यादा महंगा पड़ेगा।

इस मामले में यूएनसीटीडी की महासचिव रिबेका ग्रिन्सपैन का उपभोक्ता संरक्षण पर हाल में हुई बैठक में कहना था कि सरकारों को अपने उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए दीर्घकालीन मिशन को जारी रखने की जरुरत है। संगठन का कहना है कि एक तरफ विकसित देश हैं जिन्होंने अपने उत्पाद सुरक्षा ढांचें को मजबूत किया है। इसके लिए उन्होंने कानून उनके क्रियान्वयन, उत्पादों को वापस लेना सहित संचार अभियान जैसे उपायों को शामिल किया है।वहीं दूसरी तरफ विकासशील देशों में इसको लेकर मौजूदा प्रणालियां जर्जर अवस्था में हैं, जो असुरक्षित उत्पादों के अभिशाप को नियंत्रित करने में असमर्थ रही हैं। ज्यादा दुखद यह है कि देश के लगभग सभी राजनैतिक दलों के छोटे से लेकर बड़े नेता सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए आम जनता का ध्यान भी इन्हीं चीजों की तरफ केन्द्रित करने के प्रयास करते हैं। कैश क्राप्स की कीमत प्रतिदिन सब्जी मंडियों में आने वाली सब्जी की आवक पर निर्भर करती है जिसका सीधा सम्बन्ध किसान से होता है। किसान के खेत में जितनी उपज होती है वह दैनिक आधार पर मंडी में ले आता है और उस उपज को देखते हुए उस सब्जी या फल के दाम नियत हो जाते हैं। यहां से माल खुदरा बाजार में जाता है और प्रत्येक खुदरा कारोबारी के लाभ के अनुसार उसके दाम बढ़ते जाते हैं। लेकिन असली महंगाई स्थायी उपजों जैसे गेहूं, आटा, चावल, दाल, चीनी, तेल, गुड़ , मसालों, दूध, दही, घी आदि की होती है। उत्तर भारत के गांवों में एक कहावत बहुत प्रचलित हुआ करती थी कि यदि ह्यगेहूं महंगा तो सब महंगाह्ण। मगर यह संरक्षणात्मक अर्थव्यवस्था के दौर की कहानी है। पिछले तीन दशकों में भारत बहुत बदला है और इसकी अर्थव्यवस्था के मूल मानकों में भारी परिवर्तन आया है। सेवा क्षेत्र का हिस्सा सकल विकास उत्पाद में लगातार बढ़ रहा है। औद्योगिक व उत्पादन क्षेत्र का अंश भी बढ़ रहा है। अतः हमें लोहों से लेकर सीमेंट व अन्य धातुओं के साथ औषधि क्षेत्र व घरेलू टिकाई उपकरणों ( बिजली उत्पादों समेत) के उत्पादों की महंगाई की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। इन सभी उत्पादों की कीमत बढ़ने का सीधा असर उपभोक्ता सामग्रियों पर पड़ता है। अर्थात अब अर्थव्यवस्था के समीकरण बदलने लगे हैं। भविष्य में यह चलन और गहरा होगा क्योंकि भारत तरक्की की राह पर चल रहा है और डिजिटल दौर में प्रवेश कर चुका है। अब जाकर हमें अपनी अर्थव्यवस्था के आधारभूत मानकों की तरफ देखना होगा जिनकी वजह से महंगाई पर लगाम कसे जाने की संभावनाएं पैदा होंगी। औद्योगिक उत्पादन से लेकर यदि टिकाऊ घरेलू उपभोक्ता सामग्री का उत्पादन बढ़ रहा है तो हमें ज्यादा फिक्र करने की जरूरत नहीं है और यदि सेवा (पर्यटन समेत) क्षेत्र में भी वृद्धि हो रही है तो सोने पर सुहागा। ये दोनों कारक आय में वृद्धि और उसके वितरण के वाहक होते हैं।

# हिंसा की आग में क्यों सुलगता फ्रांस ?

प्रभुनाथ शुक्ल



**फ्रांस** इस समय दुनिया की सुर्खियों में है। देश भर में लोग हिंसक और उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। मैंक्रो सरकार हाशिए है। प्रदर्शन तेज होता जा रहा है। निश्चित रूप से सारे घटनाक्रम की वजह फ्रांस की पुलिस और वहां का असहिष्णु कानून है जिसकी वजह से देश हिंसा की आग में जल रहा है। ट्रैफिक नियमों का कथित रूप से अनुपालन न करने पर एक किशोर को जांच की आड़ में गोली मार दी गई। कार चालक 17 वर्षीय किशोर नाहेल एम पर आरोप था कि उसने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस पर रिवाल्वर तान दिया था। निश्चित रूप से इसकी जितनी आलोचना की जाय वह कम है। दुनिया भर में मानवीय और उसके अधिकार सर्वोपरी होना चाहिए। मीडिया की खबारों और उसके विश्लेषण से पता चलता है कि पुलिस अपनी नाकामी छुपाने के लिए निर्दोष युवक पर इस तरह का आरोप मढ रही है। नाहेल ने अगर ट्रैफिक नियम को तोड़ा था तो उसे दूसरे तरीके से भी सजा दी जा सकती थी। यह जुर्म इतना बड़ा नहीं था कि उसे गोली मार दी जाय। निश्चित रूप से पुलिस ने फ्रांस के लचीले कानून का दुरुपयोग किया है। गोली मारने की यह पहली घटना नहीं है इसके पूर्व भी कई लोग शिकार हुए हैं। मीडिया मे यह तथ्य भी सामने आए हैं कि पुलिस नस्लीय मानसिकता में भी बेगुनाहों को निशाना बनाती है। फ्रांस एक संप्रभु और लोकतान्त्रिक देश है। उसे ऐसे विवादित और कठोर कानून से बचना चाहिए। क्योंकि कानूनी आड़ में इसका दुरुपयोग किया जाता है। सरकार ट्रैफिक नियमों को इतना कठोर बनाकर लोकतांत्रिक अधिकारों का दुरुपयोग कर रही हैं। अगर पुलिस के आरोप को ही सच मान लिया जाए। कि किशोर नाहेल ने ट्रैफिक नियमों का दुरूपयोग किया था तो पुलिस उसे सबक सिखाने के लिए दूसरे संवैधानिक अधिकार का भी प्रयोग किया जा सकता था। किसी की हत्या इसका समाधान नहीं था। देश के ट्रैफिक नियमों के मुताबिक उसकी गिरफ्तारी हो सकती थी। किशोर अधिनियम के तहत उसे जेल भी भेजा जा सकता था। उसे समझाने की कोशिश भी पुलिस कर सकती थी। वाहन चलाने पर प्रतिबंधित किया जा सकता था। लेकिन सिर्फ क्या जान लेना ही किसी कानून का संरक्षण है। भारत जैसे देश में अगर ऐसे कानून बना दिया जाए तो यहां पांच मिनट भी नहीं टिक सकते हैं। क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे की जाती है यह भारत से बेहतर कोई नहीं जानता। यहां हर नागरिक को संवैधानिक अधिकारों के इतर जाकर उसके व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण किया जाता है। सुसंगत कानून होने के बावजूद भी लोगों को दंड नहीं दिए जाते। यहां की पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गांधीगिरी के जरिए गुलाब का फूल भेंट करती है। क्योंकि सिर्फ कानून से देश को नहीं चलाया जा सकता है। भारत में बाल एवं किशोर हितों का पूरा ख्याल किया जाता है। पुलिस के खिलाफ पेरिस के बाहरी हिस्सों हिंसा भड़क गयीं है। सरकार स्थिति नियंत्रित नहीं कर पा रहीं है। सरकार और पुलिस में शीतयुद्ध की स्थित है।लोग सड़क पर उतर कर उग्र और हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहनों को आग के हवाले किया जा रहा है। किशोर की हत्या को लेकर लोगों में बेहद आक्रोश है। मानवाधिकार संगठन इस घटना की कड़ी निंदा कर रहे हैं। हालात को नियंत्रित करना सरकार के लिए मुश्किल हो रहा है। देश के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

नाहेल की हत्या करने वाले आरोपी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना को फ्रांस के राष्ट्रपति मैंक्रो ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पुलिस की तीखी आलोचना की है। वैसे उनके बयान को लेकर पुलिस संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि इससे पुलिस का मनोबल गिरेगा। लेकिन देश में बढ़ती हिंसा को रोकने की पहली प्राथमिकता सरकार की है।

आक्रोशित लोग प्रदर्शन के दौरान सरकारी इमारतों, पुलिस स्टेशन, स्कूलों और दूसरे संस्थानों को निशाना बना रहे हैं। पुलिस पर आरोप लग रहे हैं कि ट्रैफिक नियमों की जांच के दौरान जानबूझकर निर्दोष किशोर को गोली मारी गई।

हालांकि यह जांच विषय है। फ्रांस का गृह मंत्रालय भी पुलिस की करतूत पर बेहद नाराज है। दोषी पुलिस के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की घोषणा किया है। किशोर की मां मानिया इस घटना से बेहद दुखी है। क्योंकि उसका बेटा नाहेल इकलौती संतान थी। जिसे वह बेहद प्यार करती थी। घटना के दिन मां से लाड प्यार कर वह निकला था, लेकिन एक घंटे बाद गोली का शिकार बन गया। इस घटना से उसकी मां सदमे में है। उसका आरोप है कि पुलिस ने जानबूझकर उसके बेटे की हत्या की। फ्रांस सरकार ने 2017 में गोली मारने के कानून में ढील देने का फैसला किया था। अब इस तरह का लचीला कानून उसी लिए भारी पड़ रहा है। जबकि उसी दौरान मानवाधिकार संगठनों ने सरकार से इस कानून को वापस लेने का दबाव बनाया था। फ्रांस की मीडिया के मुताबिक जबसे इस कानून में संशोधन हुआ है इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 13 लोग शिकार बने है। पुलिस पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि गोलियां काले और अरब के मूल लोगों पर चलाई जाती है। जिसकी वजह से निर्दोष किशोर की जान गई है। नाहेल का संबंध भी फ्रांसीसी-अल्जीरिया मूल से बताया गया है। फ्रांस सरकार को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। ट्रैफिक नियमों में तत्काल सुधार किया जाना चाहिए। वाहनों की चेकिंग के लिए गोली चलाने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। फ्रांस के आम नागरिक अधिकारों का खुली तरह संरक्षण होना चाहिए। दुनिया भर में लोकतांत्रिक देश में हरहाल में मानवीय अधिकारों का संरक्षण होना चाहिए और ऐसे निर्मम कानून पर रोक लगनी चाहिए दोषी पुलिसकर्मी को निर्दोष किशोर की हत्या के लिए कठोर दंड दिया जाना चाहिए। हम सिर्फ कठोर कानून से लोकतांत्रिक व्यवस्था का संचालन नहीं कर सकते। लोगों के आम अधिकारों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता और दायित्व है।

# सभी नागरिकों को बराबरी के हक का वैश्विक आगाज

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर आदि अनादि काल से आम जनता पर नेतृत्व की श्रृंखला चली आ रही है हमने अपने बड़े बुजुर्गों से सुने और इतिहास में जरूर पढ़े होंगे कि हमारी पिछली अनेक पीढ़ियों पर राजा महाराजाओं ने नेतृत्व किया फिर भारत और कुछ मुल्कों पर अंग्रेजों ने शासन किया फि र 1947 से राजनीतिक नेतृत्व की श्रृंखला शुरू हुई, लोकतंत्र की स्थापना हुई, पार्टियों की संख्या में विस्तार हुआ, कंपटीशन बड़ाऔर यहां से शुरू हुआ वोट बैंक की राजनीति का सफर जो आज हम चरम सीमा पर देख रहे हैं कि सामाजिक, धार्मिक, जातीय वर्ग और समुदाय में विभाजित होता जा रहा है जिसे ध्रुवीकरण की संज्ञा दी जा रही है, यहां तक की शिक्षा, नौकरी, स्वास्थ्य सहित अनेक क्षेत्रों में आरक्षण का मुद्दा छाया रहता है माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 50 फीसदी की सीमा तय की है परंतु अनेक राज्यों ने इस सीमा को लांघ लिया है याने अध्यादेश या अधिसूचना जारी कर किसी ना किसी चतुराई से न्यायालय आदेशों को साइड कर दिया जाता है। हालांकि उन्हें यह अधिकार भी संविधान ने ही दिया है परंतु मेरा मानना है कि हर व्यक्ति की काबिलियत स्किलिंग और एक्सपीरियंस तथा गुणवत्ता को प्राथमिकता देना चाहिए नकि रंगभेद जात पात या धार्मिक परिपेक्ष का से लेना चाहिए बल्कि सभी नागरिकों को बराबरी का हक दिया जाना जायज है, हम इससे चार कदम आगे बढ़े तो कानून की स्थिति में सामाजिक धार्मिक और जातीय परंपराओं को छोड़कर सभी के लिए समानता से लागू होना चाहिए जैसे यूनिफॉर्म सिविल कोड के मुद्देका आजपूरे भारत में आगाज हो रहा है। हालांकि अभी ड्राफ्ट भी नहीं आया है परंतु बैठकें, डिबेट, बयानबाजी अपनी चरम सीमा पर है। इस बीच दिनांक 29 जून 2023 को इसी जात पात रंगभेद पर अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट का एक ऐतिहासिक फैसला आया कि नस्ल के आधार पर शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है जिससे पूरे विश्व में सभी नागरिकों को बराबरी का हक मिलने का वैश्विक आगाज हुआ है, जो पूरी दुनियां के लिए एक मिसाल कायमकरेगा जिसका अर्थ हम यूसीसी को सख्ती से लागू करने और हर क्षेत्र के आरक्षण को समाप्त करने से भी लगा सकते हैं। हालांकि हर देश में इसकी एक संवैधानिक प्रक्रिया होती है जिसकी ओर दुनियां को कदम बढ़ाने का समय आ गया है जिसे रेखांकित करना जरूरी है चूंकि अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज दुनियां के लिए रोडमैप रोल मॉडल बन गया है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,सभी नागरिकों को बराबरी के हक का वैश्विक आगाज।

साथियों बात अगर हम दिनांक 29 जून 2023 केअमेरिकन सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले की करें तो,गुरुवार को यूनिवर्सिटी एडमिशन में रेस यानी नस्ल और जाति के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की बेंचने ये फैसला सुनाया।अमेरिका में अफ्रीकी-अमेरिकियों (ब्लैक) और अल्पसंख्यकों को कॉलेज एडमिशन में रिजर्वेशन देने का नियम है। इसे अफर्मेटिव एक्शन यानी सकारात्मक पक्षपात कहा जाता है।सुप्रीम कोर्ट एक्टिविस्ट ग्रुप स्टूडेंट्स फॉर फेयरएडमिशंस की पिटीशन पर सुनवाई कर रहा था। इस ग्रुप ने हायर एजुकेशन के सबसे पुराने प्राइवेट और सरकारी संस्थानों और खास तौर पर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और उत्तरी कैरोलिना यूनिवर्सिटी की एडमिशन पॉलिसी के खिलाफ 2 याचिकाएं लगाई थीं।

# कला के जरिए सत्ता से सच बोला जाता है

रश्मि देवी साहनी

**कलाकार** और बुद्धिजीवी कला के सही उद्देश्य को पहचानेंगे तथा संस्थान को भारत के नागरिकों के प्रति उत्तरदायी ठहराएंगे और कला को सत्ता के सामने सच बोलने के लिए प्रेरित करेंगे। कला को व्यावसायिक साम्राज्यों द्वारा वित्त पोषित किया जा सकता है लेकिन जब विचाराधीन कंपनी लोकतंत्र विरोधी ताकतों की करीबी सहयोगी है तो कलाकारों सहित सभी लोगों द्वारा उसका प्रतिरोध किया जाना चाहिए। इतिहास गवाह है कि कलाकार, लेखक तथा बुद्धिजीवी सामाजिक परिवर्तन को संगठित करने और दमनकारी शासकों व राज्यों का तख्ता पलटने में अग्रणी रहे हैं। दमनकारी प्रणालियों को उजागर करने व जनता की राय को आकार देने की क्षमता के कारण अत्याचारी शासकों ने व्यापारियों या बैंकरों की तुलना में अधिक से अधिक बुद्धिजीवियों को सलाखों के पीछे डाला है। बुद्धिजीवियों के व्यवसायों की यह एक अनूठी विशेषता रही है जो रचनात्मकता और कला, काम तथा जीवन के बीच एकात्मक निरंतरता को जोड़ने की इच्छा से निर्देशित हो कर काम करते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन की सरकार और उसकी विदेश नीति के विरोध में 1969 में जीन टोचे और जॉन हेंड्रिक्स ने न्यूयॉर्क स्थित गुरिल्ला आर्ट एक्शन ग्रुप (जीएएजी) की स्थापना की। हेंड्रिक्स और टोचे ने पैरोडी के माध्यम से निक्सन सरकार की विकृत और परस्पर विरोधी व्यवहारों का विरोध करके कला और समाज की प्रणालियों को चुनौती दी, उन तथ्यों की विडंबना को उजागर किया जिनकी सरकार ने निंदा की। 1967 में कैलिफोर्निया में छात्रों ह्यूई न्यूटन और बॉबी सीले द्वारा स्थापित ब्लैक पैंथर पार्टी ने अपना दस सूत्रीय कार्यक्रम 'व्हाट वी वॉन्ट नाउ' प्रस्तुत किया। इसमें निम्नलिखित मांगें शामिल थीं- 'हम अपने लोगों के लिए रोजगार चाहते हैं। हम अपने काले समुदाय के पूंजीपतियों द्वारा की जा रही डकैती का अंत चाहते हैं। हम मनुष्यों के रहने लायक आकर्षक आवास चाहते हैं। हम ऐसी शिक्षा चाहते हैं जो हमें हमारा सच्चा इतिहास सिखाए और इस पतनशील अमेरिकी समाज की प्रकृति को उजागर करे। हम पुलिस की बर्बरता और काले लोगों की हत्या की वारदातों को तत्काल समाप्त करना चाहते हैं।

## नदी किनारे बना होटल रामघाट में फेंक रहा कचरा, प्रधिकरण की भूमिका संदिग्ध

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मन्दाकिनी किनारे रामघाट पर मानकों को ताक पर रखकर बनाये होटल ने मनमानी शुरू कर दी है। होटल से निकला कचरा रामघाट में फेंका जा रहा है।




शनिवार को रामघाट में बने होटल की मनमानी शुरू हो गई है। रामघाट में पहले तो विकास प्राधिकरण को होटल बनाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। होटल मालिक ने प्राधिकरण की विशेष सेवा कर होटल बनाने की अनुमति ऐन-केन ढंग से ले ली है। अब होटल मालिक रामघाट का सिरदर्द बन रहा है। होटल मालिक रामघाट में होटल से निकला कचरा बहा रहा है। कचरा नदी में बहने का कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया है। कुछ दिनों पहले होटल के शुभारम्भ जिले के आलाधिकारी शामिल हुए थे। होटल संचालक ने आलाधिकारियों को बदनाम करने को होटल का कचरा रामघाट में बहा रहा है। होटल के निर्माण में विकास प्राधिकरण की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। नदी किनारे होटल का निर्माण कैसे हो गया।

## तमंचा समेत आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने विनय कुमार पुत्र अशोक मिश्रा निवासी सुरसेन के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा अनिल कुमार गुप्ता व सिपाही लालू यादव शामिल रहे।



## पुलिस ने वारंटी को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीरप्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय की टीम ने चोरी व माल बरामद के मामले में राजनारायण पुत्र स्व मोतीलाल निवासी डांडी चुरेह केसरूआ को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय, सिपाही शाकिर अली शामिल रहे।

## 30 क्वार्टर शराब समेत एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने मनोज पटेल उर्फ छोटू पुत्र रामभवन निवासी लुड़वापुरवा मजरा छपरामाफी को 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह, सिपाही शिवम मिश्रा व आशीष शामिल रहे।

## शिक्षक पुरस्कार को करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि संयुक्त सचिव भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पत्र 23 जून एवं शिक्षा निदेशक उप्र शिक्षा सामान्य अनुभाग प्रयागराज के 28 जून के पत्र के क्रम में सूचित करना है कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार को विद्यार्थियों के जीवन को समृद्ध कर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले उत्कृष्ट अध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 योजना में सम्मानित करने को दिशा-निर्देश दिये गये हैं।
शनिवार को उन्होंने बताया कि समय सारिणी जारी करते हुये योग्य शिक्षकों से 15 जुलाई तक आनलाइन आवेदन मांगे गये हैं। इच्छुक एवं पात्र आवेदक आनलाइन आवेदन करते हुये आवेदन पत्र की हार्ड कापी सम्बन्धित अधिकारी से अग्रसारित कराते हुये प्रत्येक दशा में 17 जुलाई को शाम पांच बजे तक कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

## कर्वी तहसीलदार राकेश कुमार पाठक बने एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** तहसीलदार कर्वी राकेश कुमार पाठक के प्रोन्नत होकर एसडीएम बनने पर जिले के अधिकारियों समेत आम जनता ने उन्हें बधाइयां दी हैं।



शनिवार को कर्वी तहसील के तहसीलदार राकेश कुमार पाठक के एसडीएम पद पर प्रोन्नत होने पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द समेत जिले के एसडीएम राजबहादुर, नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्र समेत कानूनगो व लेखपालों ने उन्हें बधाइयां दी। लोगों ने कहा कि तहसीलदार राकेश कुमार पाठक का कार्यकाल कर्वी तहसील में बहुत ही सुन्दर रहा है। सभी के प्रति शालीन बर्ताव एवं लोगों के कार्यों को तत्काल कराने की प्रतिबद्धता आम जनता को हमेशा याद रहेगी।
लोगों ने उन्हें एसडीएम पद पर चयनित होने पर शुभकामनायें दी हैं।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष बने चन्द्रप्रकाश द्विवेदी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** रैन बसेरा सीतापुर के मीटिंग हाल में सैकड़ों शिक्षकों की मौजूदगी में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला ईकाई के प्राथमिक संवर्ग के पदाधिकारियों का निर्विरोध चुनाव हुआ। शनिवार को चुनाव की शुरूआत मां सरस्वती, भगवान परशुराम एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर हुई। निर्वाचन पर्यवेक्षक श्रीप्रताप कटियार प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदीप तिवारी प्रदेश संयुक्त मंत्री तथा निर्वाचन अधिकारी शिव प्रकाश सिंह मण्डल अध्यक्ष की मौजूदगी में सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ।




# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन त्यागी इंटर कालेज में संपन्न

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन त्यागी इंटर कालेज ऐचवारा में आयोजित हुआ। जिसमें यूपी के अलावा हरियाणा, दिल्ली व बिहार के कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को तालियां पीटने पर मजबूर कर दिया। कवियों ने वीर, प्रेम, श्रंगार, हास्य के साथ अपनी रचनाओं के जरिए मौजूदा राजनीतिक परिवेश पर कड़े प्रहार किए। भ्रष्टाचार व महंगाई से जूझ रहे लोगों की समस्या को भी रचनाओं के माध्यम से सामने रखा।शुक्रवार की शाम कवि सम्मेलन का शुभारंभ बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ अमित द्विवेदी, भाजपा नेता राजभवन उपाध्याय आदि ने मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ किया। कवियित्री रजनीश दीदी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद उन्होंने श्रंगार रस से जुड़ी अपनी रचना सुनाकर लोगों मंत्रमुग्ध कर दिया। दिल्ली से आई नूतन नवल ने वीर रस व श्रंगार रस की मिश्रित रचनाएं प्रस्तुत की। हरियाणा से आए कवि प्रीतम सिंह नायक ने जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा 370 समेत सरकार की ओर से उठाए गए कई महत्वपूर्ण कदमों का जिक्र करते हुए युवाओं में जोश भरा। उन्होंने अपनी रचनाओं के जरिए देश की सीमा में सुरक्षा कर रहे जवानों की हिम्मत और ताकत का बखान करते हुए भ्रष्टाचार व महंगाई पर कड़ा प्रहार भी किया। मौजूदा राजनीतिक परिवेश पर भी उन्होंने कटाक्ष किए। बेन्नूर से आए गजलकार रामशब्द ने भगवान राम की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट में वनवासकाल का सर्वाधिक समय बिताने वाले भगवान राम व सीता को जोड़ते हुए सावन माह की गजल सुनाई। दिल्ली से आए मशहूर हास्य कवि राजेश लखेरा व बाराबंकी के हास्य कवि अनूप कुमार ने कई राजनीतिक दलों की कार्यशैली पर कटाक्ष करते दर्शकों को जमकर हंसाया। पबजी के चक्कर में फंसे युवाओं का भी जिक्र किया। कवि अभिषेक शुक्ल नीरज व सुनील नवोदित ने प्रेम रस पर रचनाएं पढ़ी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता तीरथ तिवारी व अतिथियों का स्वागत प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिला प्रभारी देवश, जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह तोमर, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्र, समाजसेवी रामबाबू गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, सीएमओ डा भूपेश द्विवेदी, कालेज प्रबंधक बुआराम शुक्ला, श्रीनिवास शुक्ला, पूर्व प्रधान त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला, अवधेश प्रसाद शुक्ला, नंदकिशोर तिवारी, भोला प्रसाद गर्ग, रामकिंकर गौतम, राममिलन द्विवेदी, देवेश दुबे, गुड्डा प्रधान रैपुरा, बीटू शुक्ला प्रधान चर, फलेश प्रधान सेमरदहा, मंजीत सिंह अगरहुडा, मंडल अध्यक्ष आशीष पांडेय आदि मौजूद रहे।



# डीएम ने संचारी रोग अभियान में सफाई की दिलाई शपथ

## 31 जुलाई तक चलेगा जनजागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत में विभिन्न कार्यक्रम हुए। नगर पालिका परिषद कर्वी में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने संचारी रोग नियंत्रण को जनसमुदाय को शपथ दिलाई।
शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने हरीझंडी दिखाकर संचारी रोग रैली को रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि अपने घरों के आस-पास सभी लोग सफाई रखें। अभियान में सबकी सहभागिता जरूरी है, तभी मोहल्ला, गांव, नगर, जिला, साफ सुथरा रहेगा। अपने घर के आसपास सफाई रखना सभी की जिम्मेदारी है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें। शासन के निर्देश पर इस अभियान की शुरूआत की गई है। बारिश में तरह-तरह की बीमारियां फैलती हैं। सभी संबंधित विभाग कार्ययोजना के अनुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान का संचालन कराएं। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान में जागरूकता फैलाई जाये। जिले में गोष्ठी, परिचर्चा और प्रतियोगिताएं हुई। विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान वेक्टर जनित रोग मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम को कई कार्यक्रम किए जाएंगे। अभियान दौरान बुखार, टीबी लक्षण वाले व्यक्ति के बारे में घर-घर पूंछताछ की जाएगी। लक्षण मिलने पर चिन्हित कर उन्हें अस्पताल भेजा जाएगा। आवश्यकता पर निःशुल्क एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध रहेगी। लक्षण मिलने वाले व्यक्ति का पूरा नाम पता और मोबाइल नंबर समेत पूरा विवरण एएनएम ब्लॉक मुख्यालय भेजेगी।
उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले में 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर बीमार लोगों के बारे में जानकारी लेगी।




# कार्यशाला में देश-विदेश के चार सौ से अधिक नेत्र चिकित्सक हुए शामिल

## पांच भारतीय चिकित्सकों को मानव सेवा कार्य में सदगुरु ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड से किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध संस्थान सदगुरु नेत्र चिकिसालय में तीन दिवसीय नेत्र चिकित्सकीय कार्यशाला सदगुरु कॉन्क्लेव-2023 फ्यूजन का शुभारम्भ हुआ।
शनिवार को कार्यशाला में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय चार सौ से अधिक नेत्र चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का विषय मोतियाबिंद, कोर्निया एवं ग्लूकोमा पर आधारित था। आये नेत्र चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने अनुभव, नवीन शोध एवं नवाचार पर चर्चा की। मूल उद्देश्य नेत्र रोगियों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा उपलब्ध कर भारत में अंधत्व निवारण को गति देना है।
कार्यक्रम के उद्घाटन में अतिथियों ने दीप जलाकर एवं गुरु पूजन से किया। समारोह में मुख्य अतिथि (पद्मश्री) डॉ जगत राम, विशिष्ट अतिथि डॉ मधु भदौरिया, डॉ हर्ष भट्टाचार्या, डॉ वीरेंद्र सांगवान एवं डॉ प्रतीप व्यास पांच चिकित्सकों को सदगुरु ट्रस्ट की ओर से मानव सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सदगुरु ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड से ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने पुरुस्कृत किया।
पधारे अन्य 25 विख्यात चिकित्सकों को सदगुरु मैडल अवार्ड एवं 21 चिकित्सकों को सदगुरु फैकल्टी अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ रणजीत मनियार, डॉ पीसी द्विवेदी समेत डॉ इलेश जैन, डॉ आलोक सेन, डॉ राकेश शाक्या, डॉ नरेंद्र पाटीदार, डॉ गौतम सिंह परमार, डॉ राजेश जोशी तथा सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक तथा पधारे सभी अतिथि डेलीगेट मौजूद रहे। अंतर्राष्ट्रीय फैकल्टी के रूप में थाईलैंड से डॉ नुट्टामन श्रीसमरन तथा ईजिप्ट से डॉ मोहम्मद महाडी ने चित्रकूट में आयोजित नेत्र चिकित्सा के महाकुम्भ में कहा कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय की सेवाएं प्रेरणादायक हैं। यहां से बहुत कुछ सीख कर जा रहे हैं। कार्यशाला दौरान सदगुरु ट्रस्ट में चार दशक से अधिक निष्ठापूर्ण सेवा देने वाले दो कार्यकर्ता चंद्रपाल पाल एवं गोरेलाल यादव को सम्मानित किया। निदेशक डॉ बीके जैन ने कहा कि कॉन्क्लेव में मप्र के विभिन्न जिलों में पदस्थ शासकीय नेत्र सर्जन, मेडिकल कालेज के पीजी छात्र तथा भारतीय नेत्र चिकित्सा के विख्यात चिकित्सकों की सहभागिता से सभी को अपने-अपने अनुभव और ज्ञान का आदान प्रदान करने का अवसर मिला। सभी की उपस्थिति से नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में यह मील का पत्थर साबित होगी। सभी एक-दूसरे के अनुभवों से लाभान्वित हुए है। प्रसन्नता जताई कि भारत भर के नामचीन चिकित्सक यहां पधारे एवं इस कार्यशाला को सफल बनाया।




# भूमि विवाद के मामले जल्द करें निस्तारितः डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण को मातहतों को निर्देश दिये।
शनिवार को कर्वी तहसील में डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी वृन्दा शुक्ला ने फरियादियों की समस्यायें सुनी। जिले की सभी तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारियों ने भी फरियादियों की समस्यायें सुनी। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द निस्तारण को निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी कर्वी से कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर मामले निस्तारित करायें। समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि निस्तारण के साथ लाभार्थी को संतुष्टी भी मिले। जिले की सभी तहसीलों में भी तहसील समाधान दिवस हुआ।
सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम राजबहादुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडे, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, तहसीलदार राकेश कुमार पाठक, नायब तहसीलदार आरएन मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र स्वरूप, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी यशवंत कुमार मौर्य समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।
इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील मऊ सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ। फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को जल्द निस्तारण को निर्देश दिये। भूमि विवाद से सम्बन्धित मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारित कराने के निर्देश दिये। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल, तहसीलदार मऊ राजेश यादव, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध थाना मऊ अभय राज सिंह तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे ।



## निकायों/गांवों/जिलों में इंटर्नशिप को समर्पित है विंडो: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सूबे के ग्राम्य विकास आयुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग (ट्रेनिंग डिवीजन) भारत सरकार के पत्र 21 अप्रैल के अनुसार ग्राम्य विकास विभाग ने स्नातक/ स्नातकोतर छात्रों के लिए नयी इंटर्नशिप स्कीम प्रोग्राम फॉर एक्शन/इंर्टनशिप इन भारत (प्रतिभा) प्रतिभा पोर्टल के बारे में बताया है कि प्रतिभा पोर्टल को नेशनल इंटर्नशिप पोर्टल पर अपलोड किया है। प्रतिभा प्लेटफार्म स्थानीय ग्रामीण निकायों/गांवों/जिलों में इंटर्नशिप के अवसरों के लिए समर्पित विंडो है। यह ऐसा प्लेटफार्म है कि स्नातकों/स्नातकोत्तरों के लिए भारत में समय से अवसर देगा।
शनिवार को जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभागों के क्षेत्र में इंटर्नशिप के आवेदन की अनुमति देगा। पोर्टल में इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करेंगे। चयन राज्य सरकार करेगी। इंटर्न को स्टाइपेंड का भुगतान राज्य सरकार का विशेषाधिकार होगा। उन्होंने शासन के निर्देश के क्रम में उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी समेत सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जिले के ग्रामीण निकायों/गांवो जिलों में इंटर्नशिप को शैक्षिक अर्हता पूर्ण करने वाले 30 वर्ष से कम के युवाओं का पोर्टल पर पंजीकरण के कार्य करायें। इन्टर्नशिप के बाद कार्य करने की दक्षता में उन्नयन हो सके। भविष्य में रोजगार को बेहतर विकल्प को सक्षम बनाया जा सके। इंटर्न को राज्यों ने जिला/ब्लॉक/उत्पादक उद्यम/क्लस्टर स्तर पर या ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किया जाएगा। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी/सीईओ जिला परिषद होंगे।
उन्होंने प्रस्तावित इंटर्नशिप योजना की मुख्य विशेषताओं के बारे में बताया कि इंटर्नशिप योजना का नाम प्रोग्राम फार एक्शन या इन्टर्नशिप इन भारत (प्रतिभा) है। इंटर्नशिप का उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। ग्रामीण क्षेत्र में लागू होता है। इसका उद्देश्य एमओआरडी के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के परिणामों को बढ़ाना है। प्रत्येक बैच में इंटर्न की संख्या राज्यों की आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा। इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष होगी। इंटर्नशिप का क्षेत्र में एमओआरडी और एमओपीआर से जुड़े सभी कार्यक्रम/कार्यालय/ स्थानीय निकाय, अन्य मंत्रालयों को भी केस-टू-केस के आधार पर शामिल होने की अनुमति दी जा सकती है। इंटर्नशिप के लिए पात्रता केवल भारतीय नागरिकों के लिए है। उन्होंने बताया कि निम्नलिखित के क्षेत्र में प्रमुख संस्थानों विश्वविद्यालय से स्नातक/स्नातकोत्तर डिप्लोमा /पीजी डिप्लोमा/उन्नत डिप्लोमा रूरल मैनेजमेंट, इन्जियरिंग इन्फास्टक्चर इकोनामिक्स मार्केटिंग, स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट सोशल डेवलपमेंट, पब्लिक पालिसी, डाटा एनालिटिक्स, फाइनेंस है। बताया कि आवेदकों को उत्कृष्ट कंप्यूटर कौशल की आवश्यकता होगी। मजबूत संचार और पारस्परिक कौशल भी होना चाहिए। आयु सीमा 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को पोर्टल पर इंटर्नशिप की मांग करने के तीन साल के भीतर डिग्री/डिप्लोमा पूरा होना चाहिए।

## सपा मुखिया अखिलेश का जन्म लोक कल्याण दिवस के रुप में सपा ने मनाया , पार्टी कार्यालय को भव्य ढंग से सजाया, 2024 में भाजपा का होगा सफाया




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में देश-प्रदेश के भविष्य सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 50वां जन्मोत्सव लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। पार्टी कार्यकताओं ने जिला कार्यालय को दुल्हन की भांति सजाया। लोकप्रिय नेता के चित्र के समक्ष केक काटकर शुभकामनाएं एवं चिरकाल तक स्वस्थ और दीघार्यु रहने की ईश्वर से कामना की। पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में पार्टी नेताओं ने संकल्प दिवस के रूप में प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि समाजवादी लोग लोकसभा चुनाव 2024 में सपा को विजय दिलाकर भाजपा की नफरत की राजनीति और कुरीतियों से जनता को मुक्ति दिलायेंगे।
शनिवार को सपा की भारत के संविधान में सच्ची निष्ठा है। महात्मा गांधी, डॉ राम मनोहर लोहिया और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदर्शो से प्रेरणा लेते हुए लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता सामाजिक न्याय और समाजवाद के प्रति संकल्पित किया। जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने सपाइयों से अपील किया कि सभी लोग 2024 लोकसभा चुनाव को तैयार रहें। भाजपा मायावी पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी को लोकतंत्र संविधान पर भरोसा नहीं है। भाजपा धर्म का सहारा लेकर सत्ता में आई है। कुत्सित मानसिकता से शासन चला रही है। सपा कार्यकताओं को प्रताड़ित करना भाजपा के एजेंडे में है। अब देश की जनता कुत्सित मानसिकता को समझ चुकी है। 2024 के चुनाव में भाजपा का सफाया करने जा रही है। पार्टी के नेताओं ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल बांटा। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव की अगुवाई में रक्तदान शिविर में नेता के जन्मदिवस को सही अर्थों में लोक कल्याण दिवस के रूप में समर्पित किया।

## इंडोनेशिया के जावा द्वीप में भूकंप, वृद्धा की मौत, दो घायल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भयभीत लोग घरों से बाहर निकल आए। इस दौरान एक वृद्ध महिला की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। साथ ही दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र बंबांगलीपुरो से 84 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में जमीन से 86 किलोमीटर गहराई पर था। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बंटुल में 67 वर्षीय महिला की घबराहट में भागते समय गिरने से मौत हो गई और कम से कम दो अन्य लोग घायल हो गए। मुहारी ने कहा कि भूकंप से योग्यकार्ता और इसके पड़ोसी प्रांतों मध्य जावा और पूर्वी जावा में कम से कम 93 घरों के साथ-साथ अन्य इमारतों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि भूकंप की वजह से स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, पूजा घर और सरकारी कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



## सिंध प्रांत में सड़क दुर्घटना में 7 व्यक्तियों की मौत, 20 अन्य घायल

**सिंध प्रांत।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में दो तेज रफ्तार बसों की भिड़त में कम से कम सात व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना हुई। उन्होंने कहा, ''एक बस लाहौर से कराची आ रही थी जबकि दूसरी कराची जा रही थी। दोनों बसों की गति तेज थी और इसके चलते दोनों में टक्कर हो गई।थाना प्रभारी नजीम भुट्टो ने कहा, नौशेरो फिरोज में मोरो के करीब हुए इस हादसे में कम से कम सात व्यक्तियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। घायलों को नवाबशाह और नौसेरो फिरोज के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस महीने की शुरुआत में नवाबशाह के करीब मेहरान राजमार्ग के किनारे स्थित एक सड़क पर दो बसों की आमने-सामने की भिड़ंत में सात लोगों की मौत हो गई थी जबकि 42 अन्य घायल हो गए थे।

## लेसोथो राजदूत ने कहा- नरेंद्र मोदी सारी दुनिया के प्रधानमंत्री, कार्बन उत्सर्जन कम करने में भारत का योगदान सराहनीय

**वाशिंगटन।** लेसोथो के उच्चायोग रायनयिक थबांग लिनुस खोलुमो ने कहा कि भारत अपनी तकनीक को बढ़ावा दे रहा है और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में बड़े पैमाने पर योगदान दे रहा है। वह भारत में राजधानी दिल्ली में बॉयलर एक्सपो 2023 के अवसर पर बोल रहे थे। करते हुए, खोलुमो ने कहा, 'मैं वास्तव में प्रभावित हूं क्योंकि भारत अपनी तकनीक और अपने लोगों को बढ़ावा दे रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के आदर्श वाक्य को अत्यधिक बढ़ावा दिया गया है। आज यह बॉयलर है, कल यह कुछ और होगा। पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और कार्बन प्रिंट को कम करने में भारत का योगदान बहुत ऊंचा और सराहनीय है। मैं दुनिया में कार्बन प्रिंट को कम करने में योगदान देने की पूरी कोशिश कर रहा हूं।'

उन्होंने कहा-'हमारे देश लेसोथो में बहुत कम कार्बन प्रिंट है। लेकिन दुनिया के लिए इन प्रौद्योगिकियों की अत्यधिक सराहना की जाती है, क्योंकि यह हमारे पर्यावरण को बचाएगी'। उन्होंने यह भी कहा कि वह भारतीय लोकतंत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जब भारत में लोकतंत्र की बात आती है, तो मुझे लगता है कि मैं भी उतना ही प्रभावित हूं, क्योंकि यहां लोगों को वह करने की आजादी है जो उन्हें पसंद है, जो वे जानते हैं और सरकार वास्तव में इसे बढ़ावा दे रही है। सरकार उन्हें दुनिया के सामने उजागर कर रही है। यह लोकतंत्र है और यह सबसे अच्छा है । खोलुमो ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ भारत के ही दुनिया के प्रधानमंत्री हैं। हर कोई उन्हें पसंद करता है। मुझे उनकी शासन शैली पसंद है। वह भारत का प्रचार कर रहे हैं और भारत बहुत जल्द एक महाशक्ति बनने वाला है। इसकी अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, इसके लोग बढ़ रहे हैं और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है।'

# चीन के केमिकल प्लांट में जबर्दस्त धमाका, कई लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के जियांग्शी प्रांत के गुइक्सी शहर के एक केमिकल प्लांट में जबर्दस्त धमाका हुआ है। कई किलोमीटर तक धुएं की चादर के बीच काफी ऊंचाई तक आग की लपटें दिख रही थीं। घटना में कई लोगों की मौत हो गयी है और घटनास्थल से शवों को हटाने का काम तेजी से चल रहा है।

चीन के केमिकल प्लांट खासे असुरक्षित हैं। पिछले दस दिनों में चौथी घटना चीन के जियांग्शी प्रांत में हुई है। यहां गुइक्सी शहर स्थित एक केमिकल प्लांट शनिवार सुबह तेज धमाके के साथ आग की लपटों में घिर गया। कई किलोमीटर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। आग इतनी तेज थी कि इसे बुझाने में अग्निशमन



दल को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। घटना में कई लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है, हालांकि प्रशासन अभी मृतकों के बारे में जानकारी देने से इनकार कर रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आपातकालीन सेवाओं से जुड़े लोगों ने शवों को घटनास्थल से हटा दिया है। आपातकालीन सेवाओं से जुड़े अधिकारियों ने इस दुखद घटना में कई लोगों के मारे जाने की आशंका व्यक्त की है। फिलहाल बचाव कार्य जारी है। धमाके के कारणों की पड़ताल हो रही है। हाल के वर्षों में चीन को हिला देने वाली औद्योगिक दुर्घटनाओं की श्रृंखला में यह नवीनतम है, जिससे इसकी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के सुरक्षा मानकों और पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। उल्लेखनीय है कि 10 दिनों के भीतर यह चौथा बड़ा विस्फोट है।

## ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध

**ब्रासीलिया।** ब्राजील की सर्वोच्च निर्वाचन अदालत ने देश के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के वर्ष 2030 तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पहले इस अदालत ने बोल्सोनारो को पिछले साल के चुनाव अभियान के दौरान शक्ति का दुरुपयोग करने और सार्वजनिक मीडिया का दुरुपयोग करने का दोषी ठहराया था।पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ अदालत के सात-पांच के बहुमत के इस फैसले से 2026 के चुनाव में राजनीतिक वापसी की उम्मीद खत्म हो गई। अदालत का फैसला बोल्सोनारो के लिए हैरानी भरा है। अक्टूबर में हुए चुनाव में वे वामपंथी प्रतिद्वंद्वी लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से मामूली अंतर से हार गए थे। लूला की टीम ने फैसले पर जश्न मनाया है। बोल्सोनारो ने शुक्रवार को इस फैसले को 'पीठ में छुरा घोंपना' बताया और कहा कि वह ब्राजील में दक्षिणपंथी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि 2026 के चुनाव में वह अपनी पत्नी मिशेल को मैदान में उतार सकते हैं। मिशेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा है- 'हमारा सपना पहले से कहीं अधिक जीवंत है। मैं आपके आदेश पर हूं, मेरे कप्तान।



# फ्रांस में इमरजेंसी के हालात: मॉल और बैंकों में लूट व आगजनी, 900 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार

**पेरिस।** फ्रांस में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत के बाद हिंसा बेकाबू हो गयी है। उपद्रवियों ने मॉल और बैंक लूटकर गोलीबारी व आगजनी की है। देश में इमरजेंसी के हालात बन गए हैं। हिंसा व उपद्रव में नौ सौ से ज्यादा लोग गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

बीते ट्रैफिक नियम तोड़ने को लेकर 17 साल के एक युवक नाहेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पूरे देश में शुरू हुई हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। पेरिस सहित कई शहरों में हालात बेकाबू हो चुके हैं। हजारों की तादाद में प्रदर्शनकारी सड़कों पर हैं। कई इमारतों में आग लगा दी गई है। गाड़ियां फूंक दी गई हैं। यह हाल केवल पेरिस का ही नहीं बल्कि उससे सैंकड़ों किलोमीटर



दूर के शहरों का भी है।

देश में इमरजेंसी जैसे हालात पैदा हो गए हैं। सरकार का साफ कहना है कि अगर स्थिति नहीं सुधरी तो आपातकाल घोषित कर दिया जाएगा। मंगलवार को पेरिस से शुरू हुआ ये प्रदर्शन अब पूरे देश में फैल चुका है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थानों तक को फूंक डाला। कई गाड़ियों में आग लगा दी गई। पेरिस के ज्यादातर इलाकों को आग के हवाले कर दिया गया है। फ्रांस की राजधानी पेरिस बीते 72 घंटों से सुलग रहा है।एक अधिकारी ने बताया कि फ्रेंच गयाना में सबसे ज्यादा हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। यहां एक पुलिस अधिकारी आग की चपेट में आ गया।

वहीं, केयेन में गुरुवार देर रात गोली से 54 वर्षीय सरकारी कर्मचारी की मौत हो गई। केयेन में घने धुएं के गुबार उठते देखे गए, जिससे सड़कें धुंधली हो गईं। उपद्रवियों ने दिनदहाड़े पूर्वी शहर स्ट्रासबर्ग में एक ऐप्पल स्टोर को लूट लिया। पेरिस के एक शॉपिंग मॉल में तोड़फोड़ कर आगजनी की गयी। नानतेरे में एक बैंक को जला दिया गया है। पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। पुलिस ने बताया कि मार्सिले सिटी में भी गोलीबारी कर आगजनी की गयी और दुकानें लूट ली गयीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें कीं।

हिंसा को काबू में करने के लिए 45,000 पुलिसवाले तैनात किये गए हैं। इस मामले में अब तक 900 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 200 से अधिक पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं।

# नाटो प्रमुख का बयान, कुरान जलाना अपमानजनक व आपत्तिजनक है, गैरकानूनी नहीं

**अमेरिका ने की निन्दा, तुर्किये ने भी जताया विरोध**

**ब्रसेल्स।** स्वीडन में मस्जिद के बाहर कुरान जलाकर प्रदर्शन के मामले को नाटो प्रमुख ने अपमानजनक व आपत्तिजनक करार दिया है। नाटो प्रमुख जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने इसे गैरकानूनी मानने से इनकार कर दिया है। अमेरिका ने इस घटनाक्रम की निन्दा की है और तुर्किये ने भी विरोध जताया है।

स्वीडन में कुरान जलाकर प्रदर्शन किये जाने के मसले पर पत्रकारों से बातचीत में नाटो प्रमुख जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि कुरान को जलाना अपमानजनक और आपत्तिजनक था लेकिन इसे गैरकानूनी नहीं कह सकते। उस व्यक्ति ने सरकार से अनुमति ली थी। स्वीडन की सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बताकर प्रदर्शन के लिए



इजाजत दी थी। इस दौरान नाटो प्रमुख ने स्वीडन के नाटो में शामिल होने के मसले पर समझौता करने का भी आग्रह किया। इस बीच अमेरिका ने स्वीडन की मस्जिद के बाहर कुरान जलाने की निंदा की। स्वीडन में कुरान जलाने पर तुर्किये ने भी अपना विरोध जताया है। विदेश मंत्री हकन फिदान ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कोई भी इस्लाम विरोधी प्रदर्शन नहीं कर सकता है। हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। अगर कोई देश नाटो में शामिल होकर हमारा साथी बनना चाहता है तो उसे इस्लामोफोबिया फैला रहे आतंकियों को काबू में करना होगा। दरअसल, अब यह बहस भी छिड़ गई है कि स्वीडन में मस्जिद के बाहर हुए इस प्रदर्शन का उसकी नाटो सदस्यता पर असर पड़ सकता है। स्वीडन में लगातार इस्लाम विरोधी प्रदर्शन होते रहते हैं। इस वजह से तुर्किये और स्वीडन के बीच हमेशा तनाव रहता है। तुर्किये ने स्वीडन पर एक धर्म को लक्षित करने का आरोप लगाते हुए उसकी नाटो सदस्यता अटका रखी है। हालांकि स्वीडन हमेशा ऐसी बातों से इनकार कर देता है।

## नेपाल में विखंडित पूर्व माओवादी ताकतों के बीच एकता की पहल

**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व माओवादी ताकतों के बीच एकता की पहल ने जोर पकड़ लिया है। नेपाल में 1996 से 2006 तक चले सशस्त्र विद्रोह के बाद जब शांति प्रक्रिया आई तो माओवादी अलग-अलग हिस्सों में बंट गए। सीपीएन माओवादी सेंटर के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री प्रचंड खुद उन ताकतों के बीच सामंजस्य बिठाने के लिए सक्रिय हैं। शनिवार को पोखरा में गंडकी प्रांत के अधिकारियों के साथ बातचीत में प्रचंड ने खुलासा किया कि पूर्व माओवादी ताकतों के बीच एकता की पहल हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व माओवादियों के बीच बातचीत हो रही है। प्रचंड ने यह भी कहा कि जब माओवादी सत्ता विभाजित होती है तो यह खतरा होता है कि परिवर्तन ही कमजोर हो जायेगा। समाजवादी मोर्चा का गठन प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी सेंटर) के साथ मिलकर किया गया है। इस मोर्चे में पूर्व माओवादी नेता नेत्र विक्रम चंद विप्लव भी हिस्सा ले रहे हैं।पूर्व माओवादी नेताओं में डॉ. बाबूराम भट्टाराई के नेतृत्व वाली नेपाल समाजवादी पार्टी ने माओवादी केंद्र के साथ गठबंधन में नवंबर 2022 का संसदीय चुनाव लड़ा। प्रचंड भट्टराई के साथ एकता की पहल कर रहे हैं ।पूर्व माओवादी नेता मोहन वैद्य के नेतृत्व में एक अलग पार्टी है। नेता राम बहादुर थापा बादल सीपीएन (यूएमएल) में हैं।



# केन्या में भीषण सड़क हादसा, 51 की मौत

**नैरोबी।** केन्या में भीषण सड़क हादसे में 51 लोगों की मौत हो गयी। हादसे में कम से कम 36 लोग घायल हैं, जिनमें कई लोगों की हालत गंभीर बताई गयी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पश्चिमी केन्या के लोडियानी में शिपिंग कंटेनर ले जा रही एक लॉरी सड़क से उतर गई और कई वाहनों से जा टकराई। तेज रफ्तार लॉरी ने कई वाहनों को रौंदा। हादसे के बाद कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें हादसे की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त मिनी बसों और ट्रकों के साथ-साथ कारों और मोटरसाइकिलों के टूटे हुए टुकड़े नीचे तीन और शव मिलने से हादसे में मरने वालों की संख्या



51 पहुंच गयी। इनके अलावा कम से कम 36 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। अस्पताल में कुछ घायलों की हालत बेहद गंभीर बताई गई है। हादसे के समय वहां मौजूद एक ड्राइवर पीटर ओटीनो ने बताया कि उन्होंने एक तेज गति से आ रहे ट्रेलर को देखा। बकौल पीटर मैंने गाड़ी घुमाई और उसके टक्कर मारने से बच गया। उन्होंने स्वयं बीस शव देखने और कई अन्य शव वाहनों के नीचे दबे होने का दावा किया। केन्या रेड क्रॉस ने बताया कि लॉरी ने छह से अधिक वाहनों को टक्कर मारी। साथ ही कई पैदल चल रहे यात्रियों को भी कुचल दिया। मरने वालों में कई युवा और व्यवसायी भी हैं। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा कि देश उन परिवारों के लिए शोक मना रहा है, जिन्होंने लोंडियानी में एक भीषण सड़क दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है।

# मोदी की अध्यक्षता में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक चार जुलाई को, शहबाज व जिनपिंग भी होंगे शामिल

**इस्लामाबाद/ बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के प्रमुखों की 23वीं बैठक आगामी चार जुलाई को होगी। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली इस वर्चुअल बैठक में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शामिल होंगे।

शंघाई सहयोग संगठन के काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ स्टेट्स की 23वीं बैठक चार जुलाई 2023 को होगी। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए होने वाली इस बैठक में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शामिल होंगे। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने यह



जानकारी दी है। इस बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शामिल होंगे। शी जिनपिंग वर्चुअली इस बैठक से जुड़ेंगे।

चीन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एससीओ की 23वीं परिषद प्रमुखों की बैठक में शामिल होंगे।

## पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शुरू होने के बाद से नेपाल में चीनी अधिकारियों के दौरे बढ़े

**काठमांडू।** नेपाल में चीनी अधिकारियों के दौरे बढ़ गए हैं। लगातार कोई न कोई चीनी टीम नेपाल दौरे पर आ रही है। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल के नेपाल दौरे से लौटने के बाद एक और चीनी दल नेपाल पहुंचा है। काठमांडू, लुंबिनी और पोखरा का दौरा करने के बाद तिब्बती पीपुल्स कांग्रेस की पांच सदस्यीय टीम सिचुआन की राजधानी छंटू के लिए रवाना हुई।

चीन के शहर चांगक्विंग से एक उच्च स्तरीय टीम नेपाल पहुंची है।

टीम में चोंगकिंग नगर सरकार के विदेश मामलों के कार्यालय के उप निदेशक तांग यू के नेतृत्व में छह लोग शामिल हैं। पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू होने के बाद से चीनी अधिकारियों के नेपाल दौरे बढ़े हैं। सिचुआन एयरलाइंस में बड़ी संख्या में चीनी लोग आये, जिसमें बोट रेस के खिलाड़ी भी थे।

# जीएसटी के छह साल पूरे, कैट ने इसकी नए सिरे से समीक्षा का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के 6 वर्ष पूरा होने को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इसे एक बड़ी सफलता करार दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साधुवाद देते हुए कैट ने कहा कि एक देश-एक कर प्रणाली की उनकी अवधारणा को देशभर में व्यापक सफलता मिली है। इसके बावजूद जीएसटी को और सरल बनाने के लिए इसकी नए सिरे से समीक्षा करने की जरूरत है।

कैट ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इसकी सफलता इससे साबित होता है कि जीएसटी का राजस्व करीब एक लाख 60 हजार करोड़ रुपये प्रति माह हो गया है, जो एक बड़ा कीर्तिमान है। इससे केंद्र एवं राज्य सरकारों के राजस्व में भारी वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में देशभर के व्यापारी वर्ग का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। कारोबारी संगठन ने कहा कि जीएसटी में करीब 17 तरह के अप्रत्यक्ष कर एवं 13 प्रकार के सेस समाहित होने से व्यापारी वर्ग को अनेक प्रकार के सरकारी विभागों से मुक्ति तो मिली है, लेकिन अभी भी जीएसटी को अत्यधिक सरल बनाने की जरूरत है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को जीएसटी की सफलता पर बधाई देते हुए आग्रह किया कि जीएसटी कर प्रणाली को स्थायी बनाने तथा वर्तमान में विद्यमान विसंगतियों को दूर कर अधिक सरल कर प्रणाली बनाने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाए। इसके लिए इसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के अलावा व्यापारी एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि भी शामिल हों। खंडेलवाल ने कहा की देश में पिछले छह साल से लागू जीएसटी कर प्रणाली को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकारों तथा व्यापारियों को अनेक प्रकार के अनुभव प्राप्त हुए हैं।

उन्हीं अनुभवों के आधार पर इस कर प्रणाली की नए सिरे से समीक्षा की जाए और प्रधानमंत्री मोदी के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के विजन के आधार पर जीएसटी को सरल एवं सुविधायुक्त कर प्रणाली के रूप में विकसित किया जाए, जिसका पालन एक आम व्यापारी भी आसानी से कर सके। उन्होंने यह सुझाव दिया कि देश में जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में जीएसटी समन्वय समिति का गठन हो, जिसमें स्थानीय कर एवं अन्य अधिकारी तथा स्थानीय व्यापारी संगठनों के लोग शामिल हो।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।